राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 243
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
सोमवार 28 जुलाई 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट | पेज 3 संसद सदस्य सड़क सुरक्षा व जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा | पेज 4 बेटे ने मां-पिता और बहन को काट डाला | पेज 6 शुभमन गिल का मैनचेस्टर में बेहतरीन शतक, ब्रैडमैन-गावस्कर के

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली के करोल बाग में पति-पत्नी फंदे से लटके मिले, पश्चिम बंगाल के रहने वाले थे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के करोल बाग में एक पति-पत्नी अपने किराए के घर में फंदे से लटके मिले। पुलिस को रविवार को सूचना मिली थी। मृतक देबू भौमिक (36) और उनकी पत्नी मल्लिका (32) पश्चिम बंगाल के रहने वाले थे। दोनों पिछले 4 महीने से दिल्ली में रह रहे थे। देबू सोने के गहने बनाने का काम करते थे। उनकी 7 साल की बेटी इस वक्त रिश्तेदारों के पास है। घर से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला और दोनों के शरीर पर कोई चोट के निशान भी नहीं थे।

### तेलंगाना में सरकारी स्कूल का खाना खाने से 60 छात्राओं की बिगड़ी तबियत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में एक सरकारी बालिका आवासीय विद्यालय की 60 से अधिक छात्राओं को रात का खाना खाने के बाद उल्टी और अन्य लक्षणों की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनमें से 50 को बाद में छुट्टी दे दी गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उय्यालवाड़ा स्थित आवासीय विद्यालय में शनिवार रात भोजन करने के बाद 64 छात्र बीमार पड़ गए और उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया तथा उनकी हालत स्थिर है। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि छात्रों को उल्टी, दस्त और पेट दर्द के लक्षणों के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनमें से 50 को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।



## हैप्पी मॉर्निंग

दामाद अपने ससुराल में गुरुजी का प्रवचन सुनने गया गुरुजी बोले- जो स्वर्ग जाना चाहता है, वह अपना हाथ ऊपर करो उसकी सास और बीवी ने हाथ उठाया, मगर दामाद ने नहीं उठाया गुरुजी ने दामाद से पूछा - क्या तुम स्वर्ग नहीं जाना चाहते? दामाद- बस ये दोनों चली जाएं तो मेरे लिए यहीं स्वर्ग बन जाएगा.....



## शायरी

बरसों हुए न तुम ने किया भूल कर भी याद
वादे की तरह हम भी फ़रामोश हो गए

## अर्थसार



सेंसेक्स:
82,184.17
-542.47 (0.66%)
निफ्टी:
25,062.10
-157.80

## मौसम



अधिकतम : 35 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से0
सूर्योदय मंगलवार : 5 : 45
सूर्यास्त सोमवार : 7 : 17

# बिहार की वोटर लिस्ट से 65 लाख नाम हटे : 22 लाख की मौत हो चुकी

## 'सर' के आंकड़े जारी, राज्य में 7.24 करोड़ वोटर

**पटना।** चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट की विशेष गहन पुनरीक्षण के पहले चरण के आंकड़े जारी कर दिए हैं। इसके मुताबिक बिहार में अब 7.24 करोड़ वोटर हैं। पहले यह आंकड़ा 7.89 करोड़ था। वोटर लिस्ट रिवीजन के बाद 65 लाख नाम सूची से हटा दिए गए हैं।

हटाए गए नामों में वे लोग शामिल हैं, जो अब इस दुनिया में नहीं हैं या फिर कहीं और स्थायी रूप से रह रहे हैं या जिनका नाम दो वोटर लिस्ट में दर्ज था।

इनमें से 22 लाख लोगों की मौत हो चुकी है। 36 लाख मतदाता स्थानांतरित पाए गए, जबकि 7 लाख लोग अब किसी और क्षेत्र के स्थायी निवासी बन चुके हैं।

### 24 जून को शुरू किया गया था अभियान

यह विशेष अभियान 24 जून 2025 को शुरू हुआ था, जिसका उद्देश्य फर्जी, दोहरे नामांकन और स्थानांतरित





मतदाताओं को सूची से हटाना और नए योग्य मतदाताओं को जोड़ना था। इस व्यापक पुनरीक्षण के तहत 7.24 करोड़ नागरिकों के वैधता फॉर्म इकट्ठे किए गए। इसके लिए बूथ स्तर अधिकारीऔर बूथ स्तर एजेंट ने अहम भूमिका निभाई। इन्होंने घर-घर जाकर नागरिकों से आवश्यक जानकारी एकत्र की। 25 जुलाई 2025 तक पहले चरण को 99.8 प्रतिशत कवरेज के साथ सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी समेत 38 जिलों के डीएम की तारीफ

चुनाव आयोग ने इस सफलता का श्रेय राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, 38 जिलों के डीएम, 243 ईआरओ, 2,976 एईआरओ, 77,895 बीएलओ, और 12 प्रमुख राजनीतिक दलों के 1.60 लाख बीएलए को दिया है। इस दौरान बीएलए की संख्या में 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

### योग्य नागरिकों का जुड़ेगा नाम

अब अगले चरण में, 1 अगस्त से 1 सितंबर 2025 के बीच ऐसे सभी योग्य नागरिक जिनका नाम किसी कारणवश सूची में शामिल नहीं हो सका है, उन्हें ड्राफ्ट लिस्ट में नाम जुड़वाने का मौका मिलेगा। वहीं जिनके नाम एक से अधिक स्थानों पर दर्ज हैं, उनका नाम केवल एक स्थान पर रखा जाएगा। आयोग ने यह भी बताया कि बिहार में इस अभियान की सफलता को देखते हुए इसे अब पूरे भारत में लागू करने की योजना बनाई जा रही है।

### सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था मामला

सुप्रीम कोर्ट ने 4 दिन पहले वोटर लिस्ट रिवीजन जारी रखने की अनुमति दी थी। अदालत ने इसे संवैधानिक जिम्मेदारी बताया था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने विशेष गहन पुनरीक्षण यानी वोटर लिस्ट रिवीजन की टाइमिंग पर सवाल उठाए थे। वहीं, अदालत ने चुनाव आयोग से कहा था कि बिहार में 'सर' के दौरान आधार, वोटर आईडी, राशन कार्ड को भी पहचान पत्र माना जाए।

# हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में भगदड़, 6 की मौत

## मंदिर से 25 सीढ़ी पहले हादसा, 29 घायल

**हरिद्वार।** हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में रविवार सुबह 9:15 बजे भगदड़ मच गई। इसमें 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 29 लोग घायल हैं। यह मंदिर पहाड़ के ऊपर बना हुआ है और यहां पहुंचने के लिए करीब 800 सीढ़ियां चढ़नी होती हैं।

एक चश्मदीद संतोष कुमार ने बताया कि मंदिर पहुंचने के लिए करीब 25 सीढ़ियां बची थीं, तभी हादसा हुआ। रविवार को भीड़ बहुत ज्यादा थी। इस बीच कुछ लोग वहां लगे तार को पकड़कर आगे बढ़े। इस दौरान कुछ तार छिल गए और उनमें करंट आ गया। इससे अफरा-तफरी मच गई और सीढ़ियों पर गिरने से लोग मारे गए।

इधर, हरिद्वार पुलिस ने मंदिर में करंट फैलने की बात को अफवाह बताया। गढ़वाल डिवीजन के कमिश्नर विनय शंकर पांडे ने कहा कि मंदिर में भारी भीड़ जुटने की वजह से हादसा हुआ।



### सीएम धामी घायलों से मिले, डॉक्टरों से बातचीत की

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की। इसके बाद डॉक्टरों से बातचीत की। सीएम ने मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए मुआवजे का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए दिए जाएंगे।

हरिद्वार एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने कहा- मनसा देवी मंदिर में भगदड़ में 35 लोगों के घायल होने की सूचना मिली थी।

इन्हें अस्पताल लाया गया, लेकिन 6 लोगों की मौत हो गई। बाकी का इलाज चल रहा है।

वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घटना को लेकर मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं।

## आयुष्मान स्कूल मिशन अब देश में लागू होगा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार देश के 26 करोड़ स्कूली बच्चों की मानसिक और शारीरिक सेहत स्कूल में ही जांचने जा रही है। आयुष्मान भारत स्कूल स्वास्थ्य मिशन का पहला ट्रायल त्रिपुरा में सफल रहा है। इसके तहत 30 पैरामीटर पर स्कूल में ही 18 साल तक के बच्चों की स्वास्थ्य मॉनिटरिंग की गई। इनमें चोट, हिंसा, बेइज्जती, असुरक्षित संबंध, मानसिक और भावनात्मक डिसऑर्डर, आक्रामकता, हड्डियों के विकार, दुबलापन-मोटापा, आंखों की रोशनी, त्वचा रोग, खून की कमी आदि की जांच-परख हुई। इससे बच्चों की समय पर काउंसलिंग और मेडिकल जांचों की राह खुली। इसलिए अब इसे देशभर में लागू करने की तैयारी शुरू हो गई है। हालांकि 34 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 388 जिलों के 30 हजार स्कूलों में 1.50 करोड़ बच्चों पर भी ट्रायल चल रहे हैं। इसके परिणाम आने हैं।

## पंजाब की छात्रा को राजस्थान में पेपर देने से रोका

**जयपुर।** पंजाब के तरनतारन जिले से राजस्थान में जयपुर की पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में आयोजित न्यायिक सेवा परीक्षा में शामिल होने पहुंची एक सिख छात्रा को उसके धार्मिक प्रतीकों (ककार) की वजह से परीक्षा केंद्र में जाने से रोक दिया गया। छात्रा का आरोप है कि सिक्योरिटी स्टाफ ने उससे ककार उतारने के लिए कहा, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। इस कारण छात्रा परीक्षा केंद्र के अंदर नहीं जा सकी, जिससे उसका एग्जाम छूट गया। मौके से ही उसने घटना के कुछ वीडियो बनाकर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को ईमेल किए। इस घटना को एसजीपीसी ने धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन बताया है। वहीं, पंजाब की राजनीतिक पार्टियां भी राजस्थान के सीएम से इस मामले में संज्ञान लेकर जिम्मेदार अधिकारी पर कार्रवाई की मांग कर रही हैं।

# पुणे रेव पार्टी में एकनाथ खडसे के दामाद गिरफ्तार

## शरद गुट के नेता बोले- कार्रवाई के पीछे राजनीतिक साजिश संभव; मौके से गांजा-शराब, हुक्का जब्त

**पुणे।** पुणे पुलिस ने शनिवार देर रात एक रेव पार्टी पर छापेमारी में NCP (SP) नेता एकनाथ खडसे के दामाद प्रांजल खेवलकर को गिरफ्तार किया है। अपार्टमेंट से गांजा, शराब और हुक्का जब्त किया गया है।

कुल 7 लोगों की गिरफ्तार हुई है, जिसमें 2 महिलाएं शामिल हैं। सभी आरोपियों को क्राइम ब्रांच ऑफिस से कोर्ट ले जाया गया, जहां से उन्हें 29 जुलाई तक की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया।

दामाद की गिरफ्तारी पर खडसे ने कहा- पुलिस की कार्रवाई के पीछे कोई राजनीतिक मकसद तो नहीं, इसकी जांच होनी चाहिए। वहीं शिवसेना नेता सुषमा अंधारे ने कहा कि यह छापा उन लोगों के लिए संदेश है, जो सरकार के खिलाफ बोलते हैं।



प्रांजल, एकनाथ खडसे की बेटी रोहिणी खडसे के पति हैं। रोहिणी NCP (SP) की महिला यूनिट की प्रदेश अध्यक्ष हैं। पुणे पुलिस को खराड़ी इलाके में एक स्टूडियो अपार्टमेंट में रेव पार्टी की सूचना मिली थी। इसके आधार पर क्राइम ब्रांच ने छापा मारा। पुलिस ने बताया कि पार्टी में मौजूद सभी लोग नशे का सेवन कर रहे थे। ड्रग्स, शराब समेत कई नशीली चीजें जब्त की गई है। सभी 7 आरोपियों के खिलाफ एनडीपीसी एक्ट और अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

# अमृतसर में आईएसआई से जुड़ा तस्कर गिरोह पकड़ा, 5 गिरफ्तार

## एके असॉल्ट राइफल-ग्लॉक पिस्टल-7.5 लाख बरामद; खेप गैंगस्टर जग्गू के साथी को जानी थी

**अमृतसर।** पंजाब पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। अमृतसर रूरल पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों की मदद से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े एक तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है।

यह गिरोह भारत में हथियार और ड्रग्स भेजने के काम में शामिल था। पुलिस ने इस कार्रवाई में 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से काफी मात्रा में हथियार, गोलियां और नकदी बरामद की गई है।

शुरुआती जांच में पता चला है कि इनका सीधा संपर्क पाकिस्तान में बैठे आईएसआइ एजेंटों से था।

पकड़ी गई खेप नव उर्फ नव पंडोरी को





सौंपी जानी थी, जो कुख्यात गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया का नजदीकी साथी माना जाता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि यह नेटवर्क आतंकवाद और गैंगस्टर गिरोहों के गठजोड़ का हिस्सा है।

### आरोपियों से जब्त इम्पोर्टेड हथियार

एक एके सैगा 308 असॉल्ट राइफल (2 मैगजीन सहित)
दो ग्लॉक 9 एमएम पिस्तौल (4 मैगजीन सहित)
एके राइफल के 90 जिंदा कारतूस
9 एमएम के 10 जिंदा कारतूस
7.50 लाख की ड्रग मनी
एक कार और तीन मोबाइल फोन

### पुलिस की कार्रवाई जारी रहेगी

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि पुलिस प्रदेश में आतंकवाद, संगठित अपराध और तस्करी जैसे अपराधों को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।

पुलिस ने यह भी कहा कि राज्य में शांति, सुरक्षा और सद्भाव बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाइयां आगे भी जारी रहेंगी।

## एक्स पर नाबालिगों को पोर्न कंटेंट की एक्सेस

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने अश्लील और अभद्र कंटेंट प्रसारित करने वाले कुछ ओटीटी प्लेटफॉर्म बंद कर दिए, लेकिन एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर रोक नहीं लगवा रही है। भास्कर की पड़ताल में चौंकाने वाला खुलासा है कि ङ्ग पोर्न वीडियो-साइट्स और एडल्ट कंटेंट का सबसे बड़ा सोर्स बनकर उभरा है। सबसे बड़ी चिंता ये कि एक्स पर एडल्ट कंटेंट की एक्सेस से 13 साल के बच्चे की पहुंच भी एडल्ट कंटेंट तक हो रही है। जबकि भारत में एडल्ट कंटेंट देखने की उम्र 18 साल है। एक्स 13 साल के बच्चों को अकाउंट बनाने देता है, लेकिन एक्स में जन्म तारीख के वेरिफिकेशन की मैकेनिज्म ही नहीं है।

## आंगनबाड़ियों में नामांकित 13 राज्यों के 63 जिलों में 50 प्रतिशत से अधिक बच्चे बौनेपन के शिकार

**नई दिल्ली।** संसद में प्रस्तुत कई दस्तावेजों के विश्लेषण के अनुसार, उत्तर प्रदेश के 34 जिलों सहित 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 63 जिलों में यह बात सामने आई है कि आंगनबाड़ियों में नामांकित 50 प्रतिशत से ज्यादा बच्चे स्टंटिंग (बौनेपन) के शिकार हैं। विश्लेषण से यह भी पता चला कि 199 जिलों में बौनेपन का स्तर 30 प्रतिशत से 40 प्रतिशत के बीच है। स्टंटिंग एक प्रकार का दीर्घकालिक कुपोषण है जो तब होता है जब बच्चों को लंबे समय तक पर्याप्त पोषण नहीं मिलता है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के जून, 2025 के पोषण ट्रैकर पर आधारित आंकड़ों के अनुसार, स्टंटिंग के उच्चतम स्तर वाले कुछ सबसे बुरी तरह प्रभावित जिलों में महाराष्ट्र का नंदुरबार (68.12 प्रतिशत), झारखंड का पश्चिमी सिंहभूम (66.27 प्रतिशत), उत्तर प्रदेश का चित्रकूट (59.48 प्रतिशत), मध्य प्रदेश का शिवपुरी (58.20 प्रतिशत) और असम का बोंगाईगांव (54.76 प्रतिशत) शामिल हैं। आंगनबाड़ियों में नामांकित कुपोषण के कारण बच्चों में कम शारीरिक विकास वाले राज्यों की सूची में उत्तर प्रदेश का स्थान सबसे ऊपर है। यहां 34 जिलों में बौनेपन का स्तर 50 प्रतिशत से अधिक है। इसके बाद मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार और असम का स्थान है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अनुसार, आंगनबाड़ियों में 0-6 वर्ष की आयु के 8.19 करोड़ बच्चों में से 35.91 प्रतिशत बच्चे बौनेपन के शिकार हैं और 16.5 प्रतिशत कम वजन के हैं।

# एमपी, गुजरात और राजस्थान में भारी बारिश का रेड अलर्ट

## गौरीकुंड में लैंडस्लाइड, केदारनाथ रूट बंद; ओडिशा में बैतरणी नदी खतरे के निशान पर

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने रविवार के लिए पूर्वी राजस्थान, पश्चिमी मध्य प्रदेश और गुजरात में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है।

वहीं उत्तराखंड, पूर्वी मध्य प्रदेश, सौराष्ट्र-कच्छ, मध्य महाराष्ट्र, कोंकण-गोवा, कर्नाटक, केरल, असम, मेघालय, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। शनिवार को रुद्रप्रयाग में रात भर से जारी बारिश के कारण 1600 से ज्यादा चारधाम तीर्थयात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। बारिश के कारण पहाड़ी से बड़े-बड़े पत्थर गिर गए और गौरीकुंड के पास केदारनाथ जाने वाला मार्ग अवरुद्ध हो गया। अभी भी 700 तीर्थयात्रियों को निकालने की प्रक्रिया जारी है।

इधर, ओडिशा सरकार ने शनिवार को बालासोर, भद्रक और जाजपुर के अधिकारियों को हाई अलर्ट पर रखा है।

कई नदियां उफान पर हैं, इसलिए निचले इलाकों से लोगों को निकालने को कहा गया है। जलाका और बैतरणी नदी का जलस्तर पहले ही खतरे के निशान को पार कर चुका है, जबकि बालासोर में सुवर्णरेखा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। दक्षिणी राज्य केरल में अगले 5 दिन तक बारिश जारी रहने की संभावना है।

**लंबित मामले** — 25 उच्च न्यायालयों में पांच साल से अधिक समय से लंबित मामलों को निपटाने के लिए बकाया समितियां बनाई गई हैं

# भारतीय न्यायालयों में 5.29 करोड़ मामले लंबित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय न्यायालयों पर 5.29 करोड़ लंबित मामलों का भारी बोझ है, जो 21 जुलाई तक के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड (एनजेडीजी) पर उपलब्ध है।

इनमें से 4.65 करोड़ मामले जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में लंबित हैं, जबकि उच्च न्यायालयों में 63.30 लाख मामले और सर्वोच्च न्यायालय में 86,742 मामले लंबित हैं।

लंबित मामलों के बढ़ते बोझ के अलावा जिला और अधीनस्थ न्यायालयों को पूर्ण क्षमता से काम करने में भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। न्याय और कानून मंत्रालय के अनुसार, 21 जुलाई, 2015 तक स्वीकृत 25,843 न्यायिक अधिकारियों की संख्या के मुकाबले निचले न्यायालयों में केवल 21,122 अधिकारी कार्यरत हैं।

### बनाई गई समितियां

बैकलाग को कम करने के उपाय के रूप में सभी 25 उच्च न्यायालयों में पांच साल से अधिक समय से लंबित मामलों को निपटाने के लिए बकाया समितियां बनाई गई हैं। ऐसी बकाया समितियां अब जिला न्यायालयों के तहत भी स्थापित की गई हैं।



कानून और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने हाल ही में संसद में सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों में रिक्तियों को भरने के लिए उठाए गए सरकारी कदमों की जानकारी साझा की।

### कितने फास्ट ट्रैक कोर्ट हैं कार्यरत

सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्टों को इन मामलों की प्रगति की निगरानी के लिए स्वतः संज्ञान में मामला दर्ज करने का निर्देश दिया। मृत्युदंड या आजीवन कारावास वाले दंडनीय आपराधिक मामले सूची में सबसे ऊपर होने चाहिए। इसके बाद पांच वर्ष या उससे अधिक की सजा वाले आपराधिक मामले और अन्य मामले आते हैं। जून 2025 तक देशभर में कुल 865 फास्ट ट्रैक कोर्ट कार्यरत हैं।

### सांसदों व विधायकों के मामले निपटाने को 10 विशेष अदालतें

नौ राज्यों और संघ शासित प्रदेशों में 10 विशेष न्यायालय हैं जो सांसदों और विधायकों जैसे निर्वाचित प्रतिनिधियों से संबंधित आपराधिक मामलों को तेजी से निपटाने के लिए स्थापित किए गए हैं। ये न्यायालय 2017 में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सांसदों/विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामलों के लिए विशेष न्यायालय स्थापित करने के निर्देश के बाद बनाए गए थे, जो फास्ट ट्रैक कोर्ट (एफटीसी) के समान हैं।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक

2
संपादकीय

गौतमबुद्धनगर
सोमवार 28 जुलाई 2025
Www.vishalindia.in


## संपादकीय

# भारत में बढ़ रही डिग्रीधारी बेरोजगारों की संख्या



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

भारत, जो अपनी विशाल जनसंख्या और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए जाना जाता है, आज एक गंभीर समस्या का सामना कर रहा है—डिग्रीधारी बेरोजगारों की बढ़ती संख्या। हाल के वर्षों में, उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं के बीच बेरोजगारी की दर में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। यह स्थिति न केवल व्यक्तिगत स्तर पर निराशा पैदा कर रही है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए भी चुनौती बन रही है। आइए, इस समस्या के कारणों, प्रभावों और संभावित समाधानों पर एक नजर डालें।

### बेरोजगारी की वर्तमान स्थिति

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय और सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी जैसे संगठनों के आंकड़ों के अनुसार, भारत में बेरोजगारी की दर में उतार-चढ़ाव देखा गया है। वर्ष 2023 में बेरोजगारी दर 3.1त्न तक गिर गई थी, जो पिछले कुछ वर्षों में सबसे कम थी। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की 'द इंडिया इंपलॉयमेंट रिपोर्ट 2024' के अनुसार, देश के कुल बेरोजगारों में 80 प्रतिशत युवा हैं, और इनमें से अधिकांश उच्च शिक्षा प्राप्त हैं। विशेष रूप से ग्रेजुएट डिग्री धारकों में बेरोजगारी की दर सबसे अधिक है, जिसमें महिलाओं की स्थिति पुरुषों की तुलना में कहीं अधिक चिंताजनक है। 2022 में बेरोजगार ग्रेजुएट महिलाओं की संख्या पुरुषों की तुलना में पांच गुना अधिक थी।

### बेरोजगारी के कारण

डिग्रीधारी युवाओं में बेरोजगारी के कई कारण हैं। पहला, शिक्षा और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच तालमेल का अभाव। भारतीय शिक्षा प्रणाली में अक्सर सैद्धांतिक ज्ञान पर जोर दिया जाता है, जबकि तकनीकी और व्यावहारिक कौशल की कमी रहती है। दूसरा, जनसंख्या की तुलना में नौकरियों का सीमित सृजन। भारत में हर साल लाखों युवा श्रम बाजार में प्रवेश करते हैं, लेकिन औपचारिक नौकरियों की संख्या उनकी तुलना में बहुत कम है। तीसरा, अनौपचारिक और ठेके पर आधारित नौकरियों में वृद्धि। 2000 से 2022 के बीच औपचारिक नौकरियों का अनुपात केवल 10 प्रतिशत रहा, जबकि 90 प्रतिशत लोग अनौपचारिक या स्व-रोजगार में संलग्न हैं। इसके अलावा, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों में असमानता भी इस समस्या को बढ़ाती है।

### प्रभाव

डिग्रीधारी बेरोजगारों की बढ़ती संख्या का समाज और अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। युवाओं में निराशा और आत्मविश्वास की कमी बढ़ रही है, जो मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे सकती है। इसके अलावा, उच्च शिक्षा पर किया गया निवेश बेकार जाता है, जिससे परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ता है। सामाजिक स्तर पर, बेरोजगारी सामाजिक अस्थिरता और असंतोष को बढ़ावा दे सकती है। विशेष रूप से महिलाओं में बेरोजगारी की उच्च दर लैंगिक असमानता को और गहरा करती है।

### समाधान के उपाय

इस समस्या से निपटने के लिए सरकार और समाज को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। सबसे पहले, शिक्षा प्रणाली में सुधार जरूरी है। तकनीकी और व्यावसायिक प्रशिक्षण को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। दूसरा, गैर-कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए नीतिगत बदलाव किए जाएं। स्टार्टअप्स और छोटे उद्यमों को बढ़ावा देना भी एक प्रभावी कदम हो सकता है। तीसरा, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन पर ध्यान देना होगा ताकि शहरी-ग्रामीण असमानता कम हो। इसके अलावा, महिलाओं के लिए विशेष रोजगार योजनाएं और कौशल विकास कार्यक्रम शुरू किए जाने चाहिए।

### निष्कर्ष

डिग्रीधारी बेरोजगारों की बढ़ती संख्या भारत के लिए एक गंभीर चुनौती है। यह न केवल आर्थिक विकास को प्रभावित करती है, बल्कि सामाजिक संरचना को भी कमजोर करती है। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो यह और भी जटिल हो सकती है। सरकार, शैक्षणिक संस्थानों और निजी क्षेत्र को मिलकर एक ऐसी व्यवस्था बनानी होगी जो युवाओं को उनकी योग्यता के अनुरूप रोजगार प्रदान कर सके। तभी भारत अपनी जनसांख्यिकीय लाभांश का पूर्ण उपयोग कर पाएगा।

# नये अवसरों के सृजन को गंभीर पहल जरूरी

इस समय देशभर में मिशन मोड में नई सरकारी नियुक्तियां करने और नए रोजगार मौके सृजित किए जाने की अहम जरूरत है। हाल ही में रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के द्वारा कौशल विकास में भारी निवेश की ज़रूरत है। देश के राज्यों और केंद्र स्तर पर निकलने वाली सरकार की विभिन्न भर्तियों के लिए आवेदन करने वाले युवाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। हाल ही में कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) की फेज-13 सेलेक्शन पोस्ट 2025 के अंतर्गत 2423 पदों की भर्ती के लिए पूरे देश से 29 लाख से अधिक आवेदन आए हैं। पिछले वर्षों में संघ लोक सेवा आयोग, रेलवे भर्ती और कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने जो भर्तियां की हैं, वे रिक्त पदों की तुलना में बहुत कम हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा जारी नवीन श्रम बल सर्वे (पीएलएफएस) के आंकड़ों के मुताबिक 15-29 आयु वर्ग के युवाओं में बेरोजगारी दर जून 2025 में तेजी से बढ़कर 15.3 रही। यह शहरों में बढ़कर 18.8 प्रतिशत रही जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 13.8 प्रतिशत रही है। फ्रांस के कॉरपोरेट एंड इन्वेस्टमेंट बैंक नेटिक्सि एसए के द्वारा प्रकाशित अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक भारत में जिस तेजी से युवा रोजगार के लिए तैयार होकर श्रम शक्ति (वर्क फोर्स) में शामिल हो रहे हैं, उसको देखते हुए भारत को 2030 तक प्रति वर्ष 1.65 करोड़ नई नौकरियों की जरूरत होगी। इसमें से करीब 1.04 करोड़ नौकरियां संगठित सेक्टर में पैदा करनी होंगी। जबकि पिछले दशक में सालाना कुल 1.24 करोड़ नौकरियां ही पैदा हो सकी थीं। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत को अपनी अर्थव्यवस्था में तेजी को बरकरार रखने के लिए सर्विसेज से लेकर मैन्युफैक्चरिंग तक सभी सेक्टर्स को नई रफ्तार से बढ़ावा देना होगा। ऐसे में इस समय देशभर में मिशन मोड में नई सरकारी नियुक्तियां करने और नए रोजगार मौके सृजित किए जाने की अहम जरूरत है।

हाल ही में रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के द्वारा कौशल विकास में भारी निवेश की ज़रूरत है, जिससे देश के जनसांख्यिकीय लाभ को हासिल करने में मदद मिलेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि कौशल विकास के लिए निवेश का बोझ सार्वजनिक और निजी, दोनों क्षेत्रों को मिलकर उठाना होगा। भारत के पास अभूतपूर्व अवसर हैं, क्योंकि खाड़ी सहयोग परिषद, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया जैसी विकसित अर्थव्यवस्थाएं, विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवा, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, लॉजिस्टिक्स और निर्माण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कौशल की भारी कमी का सामना कर रही है।

# 5 हजार सरकारी स्कूल बंद करके, विश्व गुरु बनेगा भारत?

**उत्तर प्रदेश में 5000 सरकारी स्कूलों को बंद करने के खिलाफ हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका में कहा गया कि सरकार के इस कदम से राज्य में तीन लाख पचास हजार से ज्यादा छात्रों को निजी स्कूलों में दाखिला लेने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। शिक्षा किसी भी राष्ट्र के विकास की नींव होती है।**



**भारत भूषण अड़जरिया**

संयुक्त राष्ट्र द्वारा कोविड-19 के बाद की शिक्षा की स्थिति का आकलन करने के लिए वैश्विक शिक्षा से संबंधित एक विशेष बैठक आयोजित करने के बाद जारी एक बयान के अनुसार, कोविड महामारी ने पिछले 20 वर्षों में पूरी दुनिया में शिक्षा के क्षेत्र में हासिल की गई उपलब्धियों को मिटा दिया है।

उत्तर प्रदेश में 5000 सरकारी स्कूलों को बंद करने के खिलाफ हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका में कहा गया कि सरकार के इस कदम से राज्य में तीन लाख पचास हजार से ज्यादा छात्रों को निजी स्कूलों में दाखिला लेने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। शिक्षा किसी भी राष्ट्र के विकास की नींव होती है। एक मजबूत शिक्षा प्रणाली एक कुशल कार्यबल, नवाचार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देती है।

चूँकि इस देश में प्राथमिक शिक्षा को राजनीतिक एजेंडे में कोई प्राथमिकता नहीं दी जाती, इसलिए दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी वाला यह देश अभी भी निरक्षरता और खराब शिक्षा से जूझ रहा है। हाल ही में प्रकाशित आठवीं इंडिया स्किल रिपोर्ट के अनुसार, ऐसे देश में, जहाँ धर्म और धार्मिक पहचान जनता और सरकार दोनों के लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं, 50 प्रतिशत से ज़्यादा स्नातकों का रोज़गार के योग्य न होना कोई आश्चर्य की बात नहीं है।

इस साल फरवरी में केंद्र सरकार ने बताया था कि पिछले 10 साल में यूनेस्को में 89 हजार सरकारी स्कूल बंद हो गए हैं। इनमें से अधिकांश 25 हज़ार स्कूल अकेले उत्तर प्रदेश से थे। 5 हजार स्कूल और बंद हमारे दिल पर मोर लोड ना आए इसलिए योगी सरकार ने स्कूल बंद करने की इस स्कॉच को नाम दिया है पेअरिंग स्कॉच। वर्ष 2015-16 में उत्तर प्रदेश में करीब 1 लाख 62 हजार प्राथमिक विद्यालय थे। जो साल 2021-22 में 1 लाख 40 हजार ही रह गए। यानी 2015-16 के मुकाबले में ये संख्या कम हो गई। सरकार का तर्क है कि जिन स्कूलों में बच्चों की संख्या 50 से कम है, उन्हें बंद कर देना ही बेहतर है। लेकिन सवाल ये है कि आखिर ये स्कॉटिश बच्चे क्यों नहीं हैं? क्या बच्चों की संख्या आपके-आप कम हो गई, या इसके पीछे सरकार की नीतियां जिम्मेदार हैं? ईटीवी-भारत न्यूज़ वेबसाइट के अनुसार यू-डीआईएसई पोर्टल के आधार पर जो आंकड़े सामने आए हैं, वो देखने वाले हैं।

आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश में करीब 30,000 प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय ऐसे हैं, जो जर्जर स्थिति में हैं। जहां 742 स्कूल पूरी तरह से खराब खंडहर हैं। इसके बाद 690-690 में जंगल और जंगल में 674, ग़रीब में 643, 641 में ग़रीब में और 633 में बलिया में कब्ज़ा की स्थिति बेहद खस्ता है। इन स्कूलों में बच्चों के लिए न तो अधूरा निर्माण है, न शौचालय, न पीने का पानी और न ही चारदीवारी। कभी मिड-डे मील का सामान नहीं आता, तो कभी छत टपकती है।

स्थानीय बिजली नहीं। कभी-कभी स्कूल में ही जूते डूब जाते हैं। तो ऐसे रसोई में किसी ने भी अपने बच्चों को क्यों भेजेगा? जब स्कूल में टीचर ही नहीं होंगे तो पढ़ाई कैसे होगी? जिन शिक्षकों में शिक्षक तैनात हैं, वहां उनकी ड्यूटी चुनाव, सर्वेक्षण, योजना या धार्मिक आयोजनों में लगाई जाती है। स्कूल सिर्फ रिकॉर्ड में है। क्लासरूम बंद होता है, परिसर सूना रहता है।

फिर जब बच्चों की पढ़ाई नहीं होती, तो परिवार वाले अपने बच्चों को या तो प्राइवेट स्कूलों में दाल देते हैं या फिर पढ़ाई ही छुड़वा देते हैं। यानी धीरे-धीरे सरकारी स्कूल के बच्चे आना ही बंद कर देते हैं। फिर एक दिन शासन की रिपोर्ट आती है छात्र संख्या कम है, स्कूल बंद कर दिया जाएगा।

बाकी जो स्कूल चल रहे हैं उनमें भी बार-बार सुरक्षा के नाम पर छुट्टियाँ घोषित कर दी जाती है। उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा अब बस एक धार्मिक परंपरा नहीं रही, ये एक सरकारी आयोजन संस्था बन चुकी है। हर साल जैसे ही सावन आता है, प्रदेश का पूरा सरकारी तंत्र एक ही दिशा में दौड़ता है- तीर्थयात्रियों की सेवा। स्वास्थ्य विभाग से लेकर जिला प्रशासन तक, स्वास्थ्य विभाग से लेकर नगर निगम तक, हर विभाग को आदेश दिया जाता है कि कांवड़ियों की सुविधा में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। जगह-जगह कैंप, मेडिकल कैंप, मोबाइल स्टेडियम, मिस्ट फैन, नमक-पानी तक डाला जाता है। और ये सब फंडिंग आती है सरकारी खज़ाने से।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा कोविड-19 के बाद की शिक्षा की स्थिति का आकलन करने के लिए वैश्विक शिक्षा से संबंधित एक विशेष बैठक आयोजित करने के बाद जारी एक बयान के अनुसार, कोविड महामारी ने पिछले 20 वर्षों में पूरी दुनिया में शिक्षा के क्षेत्र में हासिल की गई उपलब्धियों को मिटा दिया है।


दुनिया भर में 10 करोड़ से अधिक अतिरिक्त बच्चे पढ़ने-लिखने के न्यूनतम स्तर से वंचित हो गए हैं। रिपोर्ट इस तथ्य को भी सामने लाती है कि इस वैश्विक स्थिति की पृष्ठभूमि में, यह समझना मुश्किल नहीं है कि कोविड के समय में भारत में कितने कम छात्र इंटरनेट के माध्यम से पढ़ाई कर पाए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, देश के ग्रामीण इलाकों में केवल 18 प्रतिशत के पास इंटरनेट की सुविधा थी, लेकिन उनमें से कितने वास्तव में इसका उपयोग कर पाए, यह भी संदिग्ध है क्योंकि डेटा पैक खरीदने के लिए पैसे, मोबाइल चार्ज करने के लिए बिजली आदि जैसे कई सवाल इससे जुड़े हैं। रिपोर्ट बताती है कि 42 प्रतिशत शहरी क्षेत्रों में इंटरनेट की सुविधा है, लेकिन शहरी गरीब बस्तियों में रहने वाले कितने छात्र इसका लाभ उठा पाए, यह भी एक सवाल है। इसके अलावा, रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि निजी स्कूलों में उच्चतर माध्यमिक स्तर पर 62 प्रतिशत से ज़्यादा शिक्षक पूरी तरह योग्य नहीं हैं। ऐसे में, अगर शिक्षक अपनी पूरी क्षमता से काम करने की कोशिश भी करें, तो वे इसमें कितने सफल होंगे, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। रिपोर्ट में अंत में दस सुझाव भी दिए गए हैं जिनके ज़रिए देश में सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सकती है। इनमें सबसे अहम है पूर्वोत्तर और ग्रामीण इलाकों के स्कूलों में शिक्षकों की संख्या बढ़ाना और उनके उचित प्रशिक्षण की व्यवस्था करना।

कुल मिलाकर, स्कूलों में पर्याप्त संख्या में शिक्षकों की व्यवस्था करना, सरकारी क्षेत्र में ज़्यादा से ज़्यादा स्कूल खोलना ताकि गरीब और ग्रामीण बच्चे फीस आदि के कारण शिक्षा से वंचित न रहें और शिक्षक-छात्र अनुपात को कम करना यानी शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए स्कूलों की संख्या बढ़ाना, सतत विकास लक्ष्य 2030 को प्राप्त करने की दिशा में कुछ अहम कदम हो सकते हैं।

हालाँकि, बड़ा सवाल यह है कि क्या हमारे देश की सरकार यह सब करने के लिए तैयार है। दरअसल, सभी संकेत यही बताते हैं कि सत्ताधारियों के बीच सभी स्तरों पर सार्वजनिक शिक्षा को कमज़ोर करने की एक सोची-समझी योजना चल रही है। हमें एक संगठन के रूप में इसे रोकने के लिए कमर कसनी होगी।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3603




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो - 3602 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक कंजूस अपने खेत में जा रहा था. अचानक उसे कांटा चुभ गया. वह बड़ी बहादुरी से कांटा निकालते हुए बोला, 'ईश्वर तेरा लाख-लाख धन्यवाद है कि मैं जूते पहनकर नहीं आया वरना मेरे अच्छे जूते में सूराख हो जाता.'

□ □ □

एक किरायेदार ने मकान मालिक से शिकायत की कि 'जनाब ये आपका मकान कैसा है? दिन-रात चूहों की भागदौड़ देखने को मिलती है.'

मकान मालिक ने कहा- 'तो क्या आप दस रुपये में घुड़दौड़ देखना चाहते हैं?'

□ □ □

मालकिन: कितनी बार कहा है कि सुबह छह बजे दूध दिया करो.

दूधवाला: हम छह बजे दूध नहीं ला सकते. छह बजे नल में पानी भी नहीं आता.

□ □ □


एक साहब को खाने के बाद उंगलियां चाटने की आदत थी. एक बार एक दावत में उन्होंने उंगलियां चाटनी शुरू कर दीं, बाजू वाले साहब ने भी अपना हाथ आगे करके कहा-जरा इसे भी साफ कर दो.

□ □ □

जज जेबकतरे से-अच्छा बताओ तुमने भलाई का कोई काम किया?

जेबकतरे ने जवाब दिया-सर, हमीं लोगों के कारण पुलिस विभाग और अदालत में हजारों लोगों को राजी-रोटी का सहारा मिला है.

## फिल्म वर्ग पहेली- 3603



**बायें से दायें:-**

१. सैफअली खान, रानी मुखर्जी की 'सांसों को सांसों में ढलने दो' गीत वाली फिल्म-२,२
४. 'रंग भरे मौसम से रंग चुराके' गीत वाली जैकी श्रॉफ, जूही चावला की फिल्म-३
७. गोविंदा, मनीषा की 'ठहरो तो सही सोचो तो जरा' गीत वाली फिल्म-४
८. 'संडे की रात थी' गीत वाली गोविंदा, रवीना की फिल्म-३
१०. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या भारती की 'तेरी उम्मीद तेरा इंतजार' गीत वाली फिल्म-३
११. फिल्म 'मनोरंजन' में शम्मीकपूर के साथ नायिका कौन थी-३
१४. सलमान, सोमी की 'दिल मेरा यहां' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'कब के बिछड़े हुए' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-४
१७. अमजद खान, बिंदिया गोस्वामी की 'दिल के टुकड़े टुकड़े' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'मेरे खयालों की मलिका' गीत वाली शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या, प्रिया की फिल्म-२
१९. सुनील शेट्टी, रंभा की 'कहां गये ममता' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'तुम भी चलो' गीत वाली अमिताभ, विनोद खन्ना, सायरा बानो की फिल्म-३
२५. अमिताभ, अरशद वारसी, करिश्मा, विजय शांति की फिल्म-४
२६. 'ये दपनियावाले' गीत वाली देवानंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२९. धर्मेन्द्र हेमा की 'दुनिया जब' गीत वाली फिल्म-२
३०. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. नसीरूद्दीनशाह, जैकीश्रॉफ, नगमा की फिल्म-२
२. करणनाथ, मनीषा नतान्यासिंह की 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली फिल्म-२
३. अमिताभ, वहीदा, जीनत की फिल्म-३
४. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की 'बदली है ना बदलेगी' गीत वाली फिल्म-४
५. देवानंद, मधुबाला की फिल्म-३
६. 'बनाकेक्यूं बिगाड़ा रे' गीत वाली फिल्म-३
९. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षयखन्ना, अमृता राव की फिल्म-३
११. 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'खाई है रे हमने' गीत वाली राजेंद्र, शर्मिला की फिल्म-३
१३. फिल्म 'सपने साजन के' की नायिका-३
१४. राजकपूर, दिलीपकुमार, नर्गिस की 'झूम झूम के नाचो आज' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'हैलो हैलो बोल के' गीत वाली फिल्म-३
१८. सनी देओल, सुष्मिता सेन की 'मैं अपना नाम भूला' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'मेरे तो गिरधर गोपाल' गीत वाली फिल्म-२
२२. मनोजकुमार, साधना की फिल्म-४
२३. 'जो उनकी तमन्ना है' गीत वाली फिल्म-४
२४. राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
२६. 'सुना था देखा ना था' गीत वाली आफताब, उर्मिला की फिल्म-२
२७. अमिताभ, रितिक, प्रीति की फिल्म-२
२८. 'फूलों से जो खुशबू आए' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3602



## सूडोकु -3603

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3602 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## शब्द पहेली - 3603



**बाएँ से दाएँ**

1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

**ऊपर से नीचे**

1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

### शब्द पहेली -3602 का हल



# संसद सदस्य सड़क सुरक्षा व जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक हुई संपन्न

**मा0 सांसद ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का पालन कराने हेतु संबंधित विभाग अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश**



**गौतम बुद्ध नगर।** सांसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की अहम बैठक माननीय सांसद डॉक्टर महेश शर्मा की अध्यक्षता में आज डीएम कैंप कार्यालय, नोएडा के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, माननीय विधायक दादरी तेजपाल नागर, मा0 विधान परिषद सदस्य नरेंद्र भाटी तथा अन्य जनप्रतिनिधीकरण भी उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने वर्ष 2021 से 2024 तक सड़क दुर्घटनाओं के हॉटस्पॉट स्थलों पर किए गए सुधार कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से यह बताया गया कि किस तरह से चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर अवस्थापना सुधार कर दुर्घटनाओं में कमी लाने का प्रयास किया गया है।

बैठक को संबोधित करते हुए मा0 सांसद डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि सड़क दुर्घटना में किसी भी नागरिक की मृत्यु केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि राष्ट्र की क्षति होती है। उन्होंने आमजन से यातायात नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि यह केवल कानून नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का उपाय है।

मा0 सांसद ने बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को राष्ट्रीय राजमार्गों पर इमरजेंसी लेन बनाए जाने के निर्देश दिए, ताकि आपातकालीन वाहनों—जैसे एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड, पुलिस या वीआईपी मूवमेंट को आवाजाही में किसी तरह की रुकावट न हो। इसके अलावा, उन्होंने चिन्हित स्थलों पर दिशा-निर्देश बोर्ड और साइनेज बोर्ड लगाए जाने पर भी बल दिया ताकि वाहन चालकों को समय रहते सतर्क किया जा सके और दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

मा0 सांसद ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर केवल योजनाएं बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि जमीनी स्तर पर सतत निगरानी, जनजागरूकता और समन्वित प्रयास ही वास्तविक परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें ताकि नोएडा को सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में एक आदर्श जनपद बनाया जा सके।

मा0 सांसद ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि स्कूल वाहनों को लेकर जागरूकता अभियान, फिटनेस जांच तथा सीसीटीवी और जीपीएस जैसी सुविधाओं की अनिवार्यता पर सख्ती से अमल किया जाए, जिससे विद्यालय जाने वाले बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। साथ ही कहा कि स्कूल मैनेजमेंट द्वारा अनुभवी चालकों की नियुक्ति की जाए एवं समय-समय पर उनको सड़क सुरक्षा का प्रशिक्षण व चालकों के स्वास्थ्य की जांच भी कैंप लगाकर कराई जाए।

बैठक में जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि सड़क दुर्घटना की स्थिति में पैनल अस्पतालों में पीड़ितों को 1.5 लाख तक कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, इसके संबंध में भी विभाग के अधिकारियों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जानकारी दी जाए, ताकि दुर्घटना के समय पीड़ित व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंच सके।

# ग्रेटर नोएडा में गांजा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

**तीन तस्कर गिरफ्तार, 20 लाख की विदेशी सिगरेट और गांजा बरामद**



**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर पुलिस ने शनिवार रात को एक बड़ी कार्रवाई में गांजा तस्करी गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर सलारपुर अंडरपास के पास से यह कार्रवाई की।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान यासीन (50) पुत्र अफलातुन निवासी किदवई नगर बड़ौत बागपत, शाहरुख (31) पुत्र अनवर निवासी विजय पार्क भोजपुर थाना भजनपुरा दिल्ली और इमरान (35) पुत्र तराबू निवासी इंद्रापुरी लक्ष्मी गार्डन थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से करीब 20 लाख रुपये कीमत की मेड इन कोरिया 7,950 सिगरेट डिब्बियां, 3 किलो 10 ग्राम गांजा और 20,120 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दो वाहन एक्सयूवी 500 और स्विफ्ट कार भी जब्त की हैं। पूछताछ में पता चला कि आरोपी असम से सिगरेट और गांजा खरीदकर नोएडा और एनसीआर क्षेत्र में बेचकर अवैध धन कमाते थे। पुलिस अब इस गिरोह के अन्य संभावित सदस्यों और नेटवर्क की जांच कर रही है।

## शार्ट न्यूज

### त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम की संशोधित समय सारणी जारी

**गौतम बुद्ध नगर।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा निर्गत संशोधित अधिसूचना के अनुपालन में त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम घोषित किया गया है। यह कार्य 18 जुलाई 2025 से प्रारंभ होकर 15 जनवरी 2026 तक चरणबद्ध तरीके से संपादित होगा। इस अवधि में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना एवं सर्वेक्षण, ऑनलाइन आवेदन पत्रों की जांच, ड्राफ्ट नामावली एवं दावों-आपत्तियों का निस्तारण, पूरक सूचियों का कंप्यूटरीकरण तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि इस अवधि के दौरान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक अधिकारी व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से इस कार्यक्रम की जानकारी आमजन तक पहुंचाएंगे। साथ ही, सार्वजनिक अवकाश के दिनों में भी कार्यालय खुले रहेंगे ताकि समयबद्ध रूप से पुनरीक्षण कार्य पूर्ण किया जा सके।

### राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान: बिसरख में एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**गौतम बुद्ध नगर।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स के संस्करण 1.0 के प्रसार एवं संस्करण 2.0 के क्रियान्वयन हेतु आज एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विकासखंड बिसरख में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन खंड विकास अधिकारी फनीश कुमार, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, प्रतिनिधियों एवं सचिवगण द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यशाला का आयोजन उपनिदेशक पंचायत, मेरठ मंडल के कुशल मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों एवं विभागीय कार्मिकों को पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स 2.0 के उद्देश्यों, संकेतकों एवं क्रियान्वयन रणनीति पर विस्तृत जानकारी दी गई। सभी प्रतिभागियों को विषय वस्तु पर मास्टर ट्रेनर सुशील कुमार शर्मा, धीरज शीलर एवं वरिष्ठ फैकल्टी डॉ. दीपक सिंह (हापुड़) द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह कार्यशाला पंचायतों को सशक्त बनाने, सुशासन के मापदंडों को स्थापित करने एवं नवाचार के माध्यम से ग्रामीण विकास को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### ग्रेटर नोएडा में सड़क हादसा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर शनिवार रात एक दुखद हादसा हुआ। लोहे का सामान लेकर जा रहा एक ट्रक सामने चल रहे अज्ञात वाहन से टकरा गया। इस हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक की पहचान शेर सिंह (55) के रूप में हुई है। वह मूलरूप से फिरोजाबाद की कोतवाली चारबाग के गांव सफीपुर के निवासी थे। शेर सिंह हरियाणा के पलवल से ट्रक में लोहे का सामान लेकर गाजियाबाद की ओर जा रहे थे। दनकौर पुलिस के अनुसार, आधी रात के बाद शेर सिंह का ट्रक सामने चल रहे अज्ञात वाहन से टकरा गया। हादसे के बाद सामने चल रहा वाहन चालक अपना वाहन लेकर फरार हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शेर सिंह का ट्रक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल चालक को ट्रक से निकालकर तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। दुर्भाग्य से उपचार के दौरान शेर सिंह की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया है। अभी तक मृतक के परिजनों की ओर से कोतवाली में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ग्रेटर नोएडा में दो युवकों ने की आत्महत्या

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर दो युवकों ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। पहला मामला ननुआ का राजपुर गांव का है, जहां 28 वर्षीय विमल ने डिप्रेशन के कारण जहरीला पदार्थ खा लिया। शनिवार की देर रात विमल की तबीयत बिगड़ने पर परिवार के लोग उसे ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल ले गए। रविवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, विमल पिछले कई महीनों से डिप्रेशन में था। परिवार के लोगों ने पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया है। दूसरा मामला दनकौर कस्बे का है, जहां 27 वर्षीय लवकुश ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जान दे दी। पुलिस के मुताबिक, लवकुश शराब पीने का आदी था और उस पर कोतवाली में कई आपराधिक मामले दर्ज थे। रविवार को लवकुश ने शराब के नशे में जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने लवकुश के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### जलजनित हेपेटाइटिस के मरीज बढ़े

**नोएडा/ग्रेटर नोएडा।** विश्व हेपेटाइटिस डे के एक दिन पहले रविवार को निजी अस्पतालों में जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। मानसून के मौसम में जल व भोजन से फैलने वाले हेपेटाइटिस ए और ई के बढ़ रहे केसों पर चिकित्सकों ने चिंता जाहिर की। सेक्टर-62 स्थित फोर्टिस अस्पताल के गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ. निशांत नागपाल ने बताया कि सबसे ख़तरनाक स्थिति तब होती है जब हेपेटाइटिस ए, बी या सी अचानक से फुलमिनेंट हेपेटाइटिस में बदल जाए। इस स्थिति में लिवर अचानक काम करना बंद कर देता है। हेपेटाइटिस सी लिवर कैंसर और सिरोसिस का कारण बन सकता है। 12 हफ्ते की नई दवा से यह अब काबू में आने लगा है। सेक्टर-51 स्थित मैश मानस अस्पताल के जीआई और जनरल सर्जरी के वरिष्ठ डॉक्टर आदर्श कुमार चौहान ने बताया कि नोएडा में हाल के वर्षों में हेपेटाइटिस ए और सी के मामलों में खासा इजाफा हुआ है। यह संक्रमण गंदे पानी और असुरक्षित भोजन के ज़रिये फैलता है।

# इरोस सम्पूर्णम सोसाइटी के लोगों का प्रदर्शन

**बिल्डर पर लगाए दोगुना मेंटेनेंस वसूलने के आरोप**



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की इरोस संपूर्णम सोसाइटी में निवासियों ने मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया है। बायर्स पिछले काफी दिनों से अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। निवासियों ने बिल्डर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि डीजी के नाम पर दोगुना मेंटेनेंस वसूला जा रहा है। हजारों रुपये मेंटेनेंस देने के बावजूद भी उन्हें मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। सोसाइटी में बिजली, पानी और लाइट की समस्या से टावर्स में त्राहिमाम मचा हुआ है। बायर्स का कहना है कि उन्होंने कई बार बिल्डर और प्रशासन से शिकायत की है, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ है। इरोस संपूर्णम सोसाइटी के टावरों की हालत खस्ताहाल है। बेसमेंट में भी पानी भरता है। निवासियों का कहना है कि किसी दिन भी बड़ा हादसा हो सकता है। बायर्स ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और डीएम से भी शिकायत कर चुके हैं।

## ग्रेटर नोएडा में रात को दिखे ड्रोन

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के रीलखा गांव में शनिवार की रात एक अजीब घटना घटी। रात करीब 11 बजे गांव के ऊपर दो ड्रोन कैमरे उड़ते दिखाई दिए। इससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीण तुरंत अपने घरों की छतों पर पहुंच गए और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही ड्रोन वहां से गायब हो गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय बदमाश अक्सर घरों की निगरानी के लिए ड्रोन कैमरे का इस्तेमाल करते हैं। वे देखते हैं कि परिवार के लोग छत पर सो रहे हैं या नहीं। अगर लोग छत पर सोते दिखाई देते हैं, तो चोर नीचे से घर में चोरी करते हैं। इस घटना के बाद ग्रामीणों में डर बना हुआ है। वे पूरी रात सो नहीं पाए। ग्रामीणों ने पुलिस से मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। स्थानीय पुलिस का कहना है कि ग्रामीणों की शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर एनआरसी का निरीक्षण, बच्चों की देखभाल में लापरवाही पर चेतावनी

- बाल विकास परियोजना अधिकारी ब्लॉक दनकौर डॉ. संध्या सोनी ने किया पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण



**गौतम बुद्ध नगर।** जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी के नेतृत्व में बाल विकास परियोजना अधिकारी ब्लॉक दनकौर डॉ. संध्या सोनी द्वारा पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति, पोषण स्तर, उपचार व्यवस्था तथा स्टाफ की कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की।

बाल विकास परियोजना अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बच्चों की देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में एनआरसी में डॉ. शालिनी त्रिपाठी (चिकित्सक), सचिन मलिक (आहार विशेषज्ञ) एवं बलबीर सैनी (स्टाफ नर्स) की देखरेख में कुल 09 बच्चों का उपचार किया जा रहा था, जिनमें से 01 बच्चे को आज स्वस्थ होने के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है। अब कुल 08 बच्चों का इलाज जारी है।

इस दौरान चिकित्सकों द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों को नियमित रूप से एनआरसी नहीं लाया जा रहा है, जिससे समय पर कुपोषण की पहचान व उपचार में बाधा उत्पन्न हो रही है। इस पर सीडीपीओ डॉ. सोनी ने सख्त रुख अपनाते हुए निर्देश दिए कि सभी कुपोषित बच्चों की शीघ्र पहचान कर उन्हें समय पर एनआरसी में भर्ती कराया जाए। यह कार्य आपकी प्राथमिक जिम्मेदारी है एवं लापरवाही की स्थिति में संबंधित कार्यकर्ताओं के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# नोएडा में तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू ने स्कूटी को मारी टक्कर

**5 साल की बच्ची की मौत, पिता समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल**



**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा के थाना सेक्टर 20 क्षेत्र में एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार ने स्कूटी सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूटी पर सवार 5 वर्षीय बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। स्कूटी पर सवार बच्ची के पिता गुल मोहम्मद और उनके साथी राजा गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, गुल मोहम्मद अपनी बेटी को चाइल्ड पीजीआई में दिखाने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी सवार तीनों लोग सड़क पर गिर गए। हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। लेकिन बच्ची को बचाया नहीं जा सका। पुलिस ने कार सवार दोनों युवकों अभिषेक और यश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायल गुल मोहम्मद और राजा का अस्पताल में इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कार बहुत तेज गति से आ रही थी और ड्राइवर ने स्कूटी को देखने के बावजूद ब्रेक नहीं लगाया। पुलिस अब कार चालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### 100 मीटर तक घसीटती चली गई स्कूटी

टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी करीब 100 मीटर तक घसीटती चली गई। आयत की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गुल मोहम्मद और राजा घायल हो गए। राजा को गाजियाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुल मोहम्मद पेशे से प्लंबर हैं और आयत उनकी बड़ी बेटी थी। उनके तीन और छोटे बच्चे हैं। टक्कर के बाद आरोपी बिना मदद किए वहां से फरार हो गए। पुलिस ने जांच में पाया कि यश सेक्टर-37 और अभिषेक सेक्टर-70 का रहने वाला है। दोनों शनिवार रात सेक्टर-39 में एक दोस्त की पार्टी से लौट रहे थे।

# ग्रेनो में मुख्य सड़कों के किनारे की नालियां ढंकी जाएंगी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में मुख्य सड़कों के किनारे जगह -जगह पर खुली नालियां ढंकी जाएंगी। इसमें प्रीकास्ट (पूर्व निर्मित) ढक्कन का इस्तेमाल किया जाएगा। खुली नालियों वाले स्थान को चिन्हित कर प्राधिकरण ने निविदा जारी कर दी है। इस पर दो करोड़ रुपये से अधिक का खर्च आएगा। जल निकासी की बेहतर व्यवस्था के लिए सड़कों के किनारे गहरी नालियां बनाई गई हैं। वर्षों पहले बनी इन नालियों के ढक्कन जगह-जगह पर टूट गए हैं या फिर लगाए ही नहीं गए। नालियां खुली होने की वजह से हादसे का खतरा बना रहता है। शनिवार की रात जुनपत गांव के पास 105 मीटर सड़क के किनारे खुली पड़ी नाली में गिरने से गोवंश की मौत हो गई। पहले भी इस तरह के हादसे हो चुके हैं। नालियां खुली होने की वजह से कूड़ा भी जमा हो जाता है, जिससे जल निकासी की समस्या पैदा हो जाती है। प्राधिकरण ने सभी नालियों को ढकने की योजना बनाई है। प्रथम चरण में शहर की मुख्य सड़कों के किनारे बनी नालियां ढंकी जाएंगी। प्राधिकरण अधिकारी के मुताबिक निविदा की प्रक्रिया पूरी कर एक माह बाद काम शुरू करा दिया जाएगा। खुली पड़ी सभी नालियां ढंकी जाएंगी।

# वर्धमान बिल्डर के रॉयल वॉकवे प्रोजेक्ट में पजेशन न मिलने पर खरीददारों ने किया प्रदर्शन



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में वर्धमान बिल्डर के प्रोजेक्ट रॉयल वॉकवे पर पजेशन ना मिलने से नाराज खरीददारों ने नेफोमा अध्यक्ष अन्नू खान की अगवाई में धरना प्रदर्शन किया साइट पर बिल्डर के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया । ग्रेटर नोएडा जगत फार्म के पास रॉयल वॉकवे नाम से प्रोजेक्ट लॉन्च कर वर्धमान इंफ्रा बिल्ड प्राइवेट लिमिटेड ने करीब 500 खरीददारों को धोखा दिया है आपको बता दें कि वर्धमान बिल्डर द्वारा विधि इंफ्रा बिल्ड प्राइवेट लिमिटेड से समझौता कर गामा 1 सेक्टर में यह प्रोजेक्ट लॉन्च किया गय। खरीददारों ने बताया प्रोजेक्ट पूरी तरीके से बनकर कंप्लीट है बिल्डर ने पूरा पैसा भी ले लिया लेकिन खरीदारों को उनका पजेशन नहीं दिया जा रहा है जिससे सैकड़ो कमर्शियल शॉप खरीददार सड़कों पर धक्के खा रहे है अफसर के दफ्तर में चक्कर लगा रहे हैं। रॉयल वॉकवे प्रोजेक्ट के खरीददारों के समर्थन में पहुंचे नेफोमा अध्यक्ष अन्नू खान ने उनसे कहा कि ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी के अधिकारियों से मुलाकात कर इस समस्या का समाधान करवाया जाएगा इस प्रोजेक्ट में लगभग 40 करोड रुपए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बिल्डर के ऊपर बकाया है जिसकी वजह से ओसी सीसी नहीं मिल पा रहा है बिल्डर की गलती का खामियाजा खरीददार उठा रहे है जिन्होंने अपनी जिंदगी भर की पूजी बिल्डर को सौंप दी और बिल्डर गायब है ।

रॉयल वॉकवे के खरीदार निश्चल जैन ने बताया कि हम लोग कई वर्षों से पजेशन के लिए परेशान है लाखों रुपए लगाकर कुछ हासिल नहीं हो रहा है अगर जल्द बिल्डर ने पोजीशन नहीं दिया तो हम लोग कोर्ट का रास्ता भी अपनाएंगे।

खरीददार तरुण यादव ने बताया की वर्धमान बिल्डर के डायरेक्टर से संपर्क करने की कई बार कोशिश की लेकिन उनसे मुलाकात नहीं हो पा रही है ना ही वह फोन उठाते हैं और जो कंस्ट्रक्शन कंपनी कम कर रही थी विधि इंफ्रा बिल्ड प्राइवेट लिमिटेड उनके डायरेक्टर विपुल शर्मा और पीके शर्मा भी बातचीत करने को तैयार नहीं है जिससे सैकड़ो खरीददार दर दर की ठोकरे खा रहे हैं ।

## सोसाइटी में पालतू कुत्ते ने युवक पर हमला किया

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की पंचशील ग्रीन्स वन सोसाइटी में गुरुवार को एक पालतू कुत्ते ने युवक पर हमला कर काटने का प्रयास किया। पीछे हटकर अपनी जान बचाते वक्त कुत्ते ने युवक के पैर पर पंजा मार दिया । लोगों का आरोप है कि पालतू कुत्तों को लेकर नियमों का पालन नहीं किया जा रहा। सोसाइटी के सी1 टावर के फ्लैट नंबर 1102 में हिमांशु परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार दोपहर को वह किसी काम से नीचे जा रहे थे।सीढ़ी से उतरते वक्त जब दसवीं फ्लोर पर पहुंचे तो वहां एक महिला अपने पालतू कुत्ते को लेकर आ रही थी। कुत्ते ने हिमांशु को देखकर हमला कर दिया। हिमांशु ने तुरंत पीछे हटकर अपनी जान बचाई। इस दौरान कुत्ते ने उनके पैर पर पंजा मार दिया। उनका आरोप है कि अगर वह थोड़े से और देरी करते तो कुत्ता उन्हें काट लेता।

**ग्रेटर नोएडा में प्रतिभा सम्मान समारोह**

# सपा महासचिव प्रो. राम गोपाल यादव ने 200 प्रतिभाओं को किया सम्मानित





**जेवर।** रविवार को ग्रेटर नोएडा की गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी में चौधरी जतन सुखबीर प्रधान शिक्षा समिति द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर राम गोपाल यादव रहे।

समिति द्वारा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी लगभग 200 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इनमें कुश्ती, कबड्डी के खिलाड़ी, डॉक्टर, यूपी बोर्ड और सीबीएससी में टॉपर छात्र-छात्राएं तथा पत्रकार शामिल थे। प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए प्रोफेसर राम गोपाल यादव ने कहा कि गुर्जर समाज में शिक्षा की लौ जल चुकी है। उन्होंने ईश्वर नागर, दिनेश नागर जैसे जज, डॉक्टर, आईएएस, आईपीएस अधिकारियों और बबीता नागर एवं ज्योति भाटी जैसी अंतरराष्ट्रीय पहलवानों का उदाहरण देते हुए कहा कि इन्होंने समाज, देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने स्वर्गीय जतन भाटी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति को इतनी कम उम्र में लोग याद कर रहे हैं, वह निश्चित रूप से उस व्यक्ति की काबिलियत है जो लोगों के दिलों में जिंदा है। प्रोफेसर यादव ने डॉक्टर विकास प्रधान की टीम के कार्य को सराहनीय बताया।

इस अवसर पर सरधना विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि स्वर्गीय जतन भाटी समाज के कोहिनूर थे। उन्होंने बताया कि इस परिवार ने हमेशा समाज के लिए काम किया है और जतन भाटी के कार्यों को डॉक्टर विकास प्रधान आगे बढ़ा रहे हैं। कार्यक्रम में राजे प्रधान, धीरज नागर, विनय तालान, सुखवीर प्रधान, बाबू प्रधान, नासिर प्रधान, सुबेराम भाटी, ज्ञानी चेयरमैन, गजब प्रधान, वेद प्रकाश प्रधान, सुधीर भाटी, इंदर प्रधान, लीला नागर, अनिल तालान, पवन खटाना, डॉ. आयुषी, सिंधु तेवतिया, शशि मावी, ब्रजेश भाटी, आलोक नागर, लौकेश भाटी, संजय कसाना और कृष्ण नागर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
सोमवार 28 जुलाई 2025
Www.vishalindia.in

# बेटे ने मां-पिता और बहन को काट डाला

## कुल्हाड़ी से हाथ-पैर और गर्दन पर वार किए; बहन को जमीन देने से बौखलाया था



**गाजीपुर।** गाजीपुर में बेटे ने अपने माता-पिता और बहन को घर के बाहर दौड़ा-दौड़ाकर कुल्हाड़ी से काट डाला।

आरोपी ने तीनों के हाथ-पैर और गर्दन पर वार किए। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया।

मां-पिता के शव एक-दूसरे से 5 फीट की दूरी पर पड़े थे, जबकि बहन का शव करीब 10 फीट दूर था। पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस की शुरुआती जांच के मुताबिक, परिवार में लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। पिता ने बेटी के नाम 12 बिस्वा जमीन रख दी थी। इसी रंजिश में आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया।

आसपास के इलाकों में नाकाबंदी कर दी गई है। आरोपी की तलाश में तीन टीमें लगाई गई हैं। मौके से कुल्हाड़ी बरामद की गई है। वारदात शहर कोतवाली क्षेत्र के डिलिया गांव की है।

### पिता ने बहन के नाम कर दी थी 12 बिस्वा जमीन

शहर कोतवाली क्षेत्र के डिलिया गांव निवासी शिवराम यादव (70 साल) किसान थे। परिवार में पत्नी जमुनी देवी (65 साल), बेटा अभय यादव (37 साल) और बेटी कुसुम (35 साल) थी।

### क्राइम सीन को समझिए

डिलिया गांव के मुख्य मार्ग से जुड़े चकरोड पर शिवराम का घर है। घर का कुछ हिस्सा पक्का बना हुआ है। घर के बगल में एक झोपड़ी भी है। रविवार सुबह जमीन को लेकर अभय की पिता से कहासुनी हो गई। उस वक्त उसकी मां झोपड़ी में गोबर से लिपाई कर रही थी। गुस्से में अभय कुल्हाड़ी उठाकर ले आया। कुल्हाड़ी देखकर पिता थोड़ी दूर हटे तो उसने जमीन पर बैठकर लिपाई कर रही मां के गर्दन पर पीछे से हमला कर दिया। मां की मौके पर ही मौत हो गई। यह देखकर पिता शिवराम चकरोड की तरफ भागा, अभय ने उन्हें दौड़ा लिया और कुल्हाड़ी से गर्दन पर वार कर मार डाला। इसी दौरान शिवराम की बेटी कुसुम स्कूटी से वहां पहुंची। पिता को खून से लथपथ देखकर वह भागने लगी। अभय ने उसे भी दौड़ाकर धान के खेत में ही पीछे से गर्दन पर वार मार दिया। उसके सिर पर हेलमेट लगा हुआ था। चीख-पुकार सुनकर जब पड़ोसी पहुंचे तो आरोपी अभय अपनी पत्नी को लेकर मौके से फरार हो गया। अभय के दो बच्चे हैं।

### बहन मेडिकल स्टोर चला रही थी

पुलिस के मुताबिक पति के छोड़ने के बाद कुसुम ने कुछ दिनों तक एक अस्पताल में काम किया। फिर बगल के गांव में मेडिकल स्टोर चला रही थी। शिवराम के पास कुल ढाई बीघा जमीन थी। एक महीने पहले पिता ने बेटी कुसुम के नाम 12 बिस्वा जमीन रजिस्ट्री कर दी। अभय अपने पिता के इसी फैसले से नाराज चल रहा था।

पुलिस के मुताबिक, पिता शिवराम ने 15 साल पहले कुसुम की शादी की थी, लेकिन पति ने उसे छोड़ दिया। इसके बाद करीब 7 साल वह मायके में रही। 8 साल पहले पिता ने उसकी दूसरी शादी की। लेकिन दोबारा वह मायके में आकर रहने लगी। भाई अभय को यह पसंद नहीं था।

# मेरठ में लिफ्ट में फंसी स्पोर्ट्स कारोबारी की गर्दन

## सिर कटकर लटका, धड़ के साथ घिसटता हुआ दूसरी मंजिल पर पहुंचा

**मेरठ।** मेरठ में लिफ्ट में फंसकर 63 साल के स्पोर्ट्स कारोबारी की मौत हो गई। लिफ्ट में गर्दन फंस गई। सिर आधे से ज्यादा कटकर लटक गया। कारोबारी घिसटते हुए दूसरी मंजिल पर पहुंचे। सीसीटीवी फुटेज में एक कर्मचारी मालिक को लिफ्ट में फंसा देखकर चीख पड़ा। सूचना पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद लिफ्ट से उन्हें निकाला गया। तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना शाम करीब 5.30 बजे की सूरजकुंड क्षेत्र के देवीनगर की है। कारोबारी परविंदर सिंह इंडियन स्पोर्ट्स कंपनी के मालिक थे। यहां जिम और स्पोर्ट्स उपकरण बनते हैं।

### अब पढ़िए पूरा मामला...

मेरठ के सूरजकुंड स्पोर्ट्स मार्केट में इंडियन स्पोर्ट्स हाउस के नाम से स्पोर्ट्स इक्विपमेंट का 2 मंजिला शोरूम है। शोरूम के ऑनर हरविंदर सिंह ने माल ढुलाई के लिए एक ओपन लिफ्ट लगवाई है। इससे स्पोर्ट और जिम इक्विपमेंट को ग्राउंड फ्लोर से पहली और दूसरी मंजिल पर ले जाया जाता है।

शनिवार शाम हरविंदर सिंह इसी लिफ्ट में ग्राउंड फ्लोर से दूसरी मंजिल पर जा रहे थे। अचानक लाइट चली गई। लाइट जाने पर हरविंदर ने गर्दन बाहर निकालकर देखा कि अचानक लिफ्ट बंद क्यों हुई। गर्दन बाहर निकालते ही अचानक लाइट आ गई और हरविंदर सिंह को सिर हटाने का मौका तक नहीं मिला। उनकी गर्दन लिफ्ट में फंस गई और ऐसे ही घिसटते हुए दूसरी मंजिल पर पहुंच गए। इस घटना में हरविंदर सिंह की आधी से ज्यादा गर्दन कट गई। जब लिफ्ट ऊपर जाकर रुकी, तब तक कारोबारी की मौत हो चुकी थी। उस समय ऊपर का फ्लोर खाली था, इसलिए कोई उनको देख ही नहीं पाया।

ऊपर का फ्लोर खाली था, इसलिए कोई समझ नहीं पाया कि क्या हुआ। करीब आधे घंटे बाद शोरूम के ग्राउंड फ्लोर में बैठे स्टाफ की नजर सीसीटीवी कैमरों के लिए लगे कंप्यूटर स्क्रीन पर गई। जब स्टाफ को सीसीटीवी में हरविंदर लिफ्ट में फंसे दिखे।

# फर्रुखाबाद में करंट लगने से लाइनमैन की मौत

## ट्रांसफार्मर पर चढ़कर एचटी लाइन के तार खोलते समय हुआ हादसा

**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद के नवाबगंज थाने के गांव मिलिकिया में रविवार एक दर्दनाक हादसा हुआ। एचटी लाइन के तारों को खोलते समय करंट लगने से लाइनमैन कलक्टर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

गांव पहाड़पुर निवासी पप्पू के खेत में यूकेलिप्टस का पेड़ खड़ा था। इसी के बीच से गांव के निर्जेश कुमार गंगवार के नलकूप को एचटी विद्युत लाइन जा रही थी।

पेड़ को खरीदने वाले युवक ने कलक्टर सिंह से लाइन के तारों को कुछ देर के लिए खुलवाने की बात की थी। नगर के मुहल्ला बरतल निवासी संविदा कर्मी अनिल कुमार दीक्षित अपने साथी के साथ गांव पहुंचे। अनिल ने लाइनमैन राजीव कुमार से शट डाउन लेने की बात कहकर कलक्टर सिंह को नलकूप के ट्रांसफार्मर की लाइन खोलने को कहा। कलक्टर सिंह जैसे ही ट्रांसफार्मर पर चढ़कर एचटी लाइन के तारों को खोलने लगे, तभी करंट लगने से उनकी मौत हो गई।

मौके पर पहुंची पत्नी नीतू समेत परिजन शव पर चीख-पुकार करने लगे। ग्रामीणों ने लाइनमैन अनिल कुमार दीक्षित को पकड़ लिया।

# लखनऊ में पत्नी का सिर ईंट से कूचकर हत्या

## 4 साल की बेटी बाहर खेल रही थी, अंदर आई तो मां को तड़पते देखा

**लखनऊ।** लखनऊ में पति ने पत्नी का सिर ईंट से कूचकर हत्या कर दी। दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। विवाद बढ़ा तो पति ने उसे ईंटों से मारना शुरू कर दिया। इस दौरान उनकी 4 साल की बेटी बाहर खेल रही थी। जब वह अंदर आई तो उसने मां को तड़पते देखा।

बेटी को देख पिता घर से भाग गया। बच्ची का शोर सुनकर आसपास के लोग आए। वे महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।




मामला माल थाना क्षेत्र के पकरा गांव का है। मृतका की पहचान सीमा (25) के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि पति रवि शराब का आदी है। रवि बाहर रहता है और सीमा परिवार सहित पकरा गांव में रह रही थी। ये लोग उन्नाव के औरास थाना क्षेत्र तलवा पिचवारा के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार, आरोपी रवि अपने सास-ससुर के साथ चंडीगढ़ में मजदूरी करता था और 24 जुलाई को ही गांव आया था। ग्रामीणों का कहना है कि वह लंबे समय से शराब पीता था और आए दिन विवाद करता था। वह अपने बीमार बहनोई को देखने गांव आया था और कुछ दिनों से यहीं रुका हुआ था।

### हत्या के समय घर में बज रहा था गाना

पड़ोसियों ने बताया- घटना के समय घर में तेज आवाज में गाना बज रहा था। इसीलिए अंदर क्या हो रहा है किसी को कुछ नहीं सुनाई दिया। सीमा की चार साल की बेटी पलक जब खेलते-खेलते अंदर पहुंची तो उसने अपनी मां को तड़पते देखा। यह देख वह जोर-जोर से रोने लगी। पलक की आवाज सुनकर लोग घर की ओर दौड़े। अंदर के हालात देखकर लोग सन्न रह गए। घर से थोड़ी दूर 8 साल की दूसरी बेटी पायल भी खेल रही थी। घटना की जानकारी मिलते ही थाना माल प्रभारी नवाब अहमद अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मकान को सील कर दिया है और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। शुरुआती जांच में यह मामला शराब के नशे में की गई हत्या का लग रहा है। उन्होंने बताया, आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें गठित कर दी गई हैं। जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

# मेरठ में दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या

## कमर-सिर को चीरते हुए निकली गोली; कपड़े बेचने निकला था; हंगामा-नारेबाजी

**मेरठ।** मेरठ में युवक की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। युवक रविवार को घर से कपड़े की फेरी लगाने निकला था। तभी रास्ते में घर से 2 किमी दूर बुलेट सवार बदमाशों ने रोक लिया। उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगे।

गोली युवक के कमर और सिर पर लगी, जो आर-पार निकल गई। युवक बाइक समेत जमीन पर गिर गया। गोलियों की आवाज सुनकर लोग बाहर आ गए। इसके बाद बदमाश भाग निकले। सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। वारदात से नाराज घरवालों ने जाम लगाकर हंगामा किया। पुलिस ने किसी तरह उनको समझाया। भरोसा दिया कि हर हाल में आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा। आसपास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। ये मामला परीक्षितगढ़ थाना क्षेत्र के रहदरा गांव का है।



### 4 साल पहले हुई थी शादी


रहदरा गांव निवासी अनुज प्रजापति (24 साल) पुत्र सतवीर कपड़े की फेरी लगाता था। परिवार में पत्नी कोमल और 4 महीने की बेटी है। अनुज की 4 साल पहले शादी हुई थी। रोजाना की तरह वह सुबह 10 बजे बाइक पर घर से निकला था। दूसरे गांव में कपड़े बेचने जा रहा था। जैसे ही अनुज सिंहपुर गांव के रास्ते में था। पीछे से बुलेट सवार कुछ अज्ञात लोगों ने उस पर फायर कर दिया। बदमाशों ने अनुज को पीछे से गोली मारी। एक गोली उसकी कमर को चीरते हुए निकली। दूसरी गोली माथे से ऊपर सिर में लगी है।

### घरवालों ने लगाया जाम

परिजनों ने मौके पर शव रखकर जाम लगा दिया। पत्नी कोमल का कहना है कि परिवार बहुत गरीब है। घर की स्थिति बेहद खराब है। खाने को रोटी भी नहीं, ऐसे में कमाने वाला अकेला अनुज था, वो भी चला गया। परिवार को मदद की जाए।

हंगामे के बाद एसडीएम मवाना संतोष कुमार पहुंचे। ग्राम पंचायत में पत्नी को संविदा पर नौकरी का आश्वासन दिया है। पूर्व चेयरमैन और गांव के अन्य लोगों ने मिलकर 1 लाख रुपए का चंदा करके आर्थिक मदद की है। साथ ही सीएम राहत कोष से भी मदद दिलाना का आश्वासन दिया।


## जीआरपी पुलिस और स्वाट टीम के हत्थे चढ़ा शातिर वाहन चोर चोरी की पांच बाइक बरामद



**ललितपुर।** झांसी जीआरपी पुलिस और स्वाट टीम ने शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर लिया है, चोरी की 5 बाइक भी बरामद की है। पुलिस अधीक्षक रेलवे झांसी विपुल कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत रेलवे स्टेशन, सर्कुलेटिंग एरिया, ट्रेनों में अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब की तस्करी तथा चोरी की घटनाओं की रोकथाम व बरामदगी की तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे झांसी सोहराब आलम के निकट पर्यवेक्षण में थाना जीआरपी झांसी पुलिस एवं अनुभागीय स्वाट टीम द्वारा रेलवे स्टेशन झांसी के सीपरी पुल के आगे दिल्ली आउटर की तरफ स्थित नई ई-केबिन के पास से एक अभि0 रहीश यादव पुत्र मातादीन यादव उम्र करीब 31 वर्ष निवासी ग्राम सतलोन थाना बसई जिला दतिया (म0प्र0) को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 05 मोटर साईकिलों की बरामदगी हुई है, जिनकी अनुमानित कीमत 3,00,000/- रूपये है। उपरोक्त गिरफ्तारी बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर नियमानुसार अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी है।

## रामलीला मैदान से कांवड़ यात्रा हुआ रवाना

**विशाल इण्डिया पूनम तिवारी**



**अंबेडकर नगर।** महरुआ सावन माह की शुभ अवसर पर आज 27 तारीख दिन रविवार को महरुआ रामलीला मैदान से कावड़ यात्रा का शुभारंभ हुआ श्रद्धालु हर हर महादेव के जयकारों के साथ अयोध्या से पवित्र सरयू जल लेने के लिए हुए रवाना कांवड़ियों में गजब का उत्साह और भक्ति का वातावरण देखने को मिला यात्रा को शांति और व्यवस्थित ढंग से संपन्न करने के लिए पुलिस व प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आई सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे श्रद्धालुओं की सुविधा ध्यान में रखते हुए मार्गो पर साफ सफाई जलपान और प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था भी की गई थी महरुआ रामलीला मैदान से रवाना हुए शिव भक्तों ने मार्ग में भजन कीर्तन करते हुए पूरे क्षेत्र को भक्ति में कर दिया युवा बुजुर्ग महिलाएं भी बड़ी संख्या में इस यात्रा मैं शामिल हुई कावड़ यात्रा को लेकर ग्रामीण और स्थानीय समाजसेवियों ने भी श्रद्धालुओं के स्वागत व सहयोग में भागीदारी निभाई पुलिस प्रशासन की ओर से बताया गया कि यात्रा मार्ग पर विशेष निगरानी रखी जा रही है और किसी भी आपातकाल स्थित से निपटने के लिए आवश्यक पुलिस बल तैनात किया गया है सावन माह में भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने के लिए यह कावड़ यात्रा भगवान शिव वी मां पार्वती की झांकी के साथ हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महरुआ प्रधान रत्नेश सिंह मंदिर के महंत गौरव पांडे की देखरेख में श्रद्धा पूर्वक सुरक्षा के साथ रवाना किया गया।

## पिकनिक मनाने गया युवक बेतवा नदी में बहा

**झांसी।** झांसी के सुकुवां-ढुकुवां बांध किनारे पिकनिक करने गया टाइल मिस्त्री बेतवा नदी के तेज बहाव में बह गया। पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। रविवार सुबह करीब 7 बजे 14 घंटे बाद उसका शव मिला। डेड बॉडी घटनास्थल से करीब 100 मीटर दूर जामुन के पेड़ में फंसी हुई थी। मौत से 10 मिनट पहले ही युवक ने अपने दोस्तों के साथ मुस्कराते हुए सेल्फी ली थी। फिर नहाने के लिए नदी में कूद गया। मगर तेज बहाव के चलते वो संभल नहीं पाया और तेज धार में बह गया। दोस्तों के चीखने चिल्लाने पर लोगों की मौके पर भीड़ जुट गई। फिर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने युवक को तलाशने के लिए 3 गोताखोरों को लगाया था। शव मिलने के बाद परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए ललितपुर रोड पर जाम लगा दिया। पुलिस अफसरों के समझाने पर मामला शांत हुआ।

# एसपी ने जिला अस्पताल परिसर में अन्नपूर्णा भोजन शाला में जरूरतमंदों को कराया निशुल्क भोजन



**ललितपुर ।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुस्ताक द्वारा उनके बेटे के जन्म के उपलक्ष में अन्नपूर्णा भोजनशाला में जरूरतमंदों को निशुल्क भोजन कराया गया। पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुस्ताक द्वारा 1 वर्ष पूर्व अपनी बिटिया के जन्मदिन पर भी अन्नपूर्णा भोजशाला में भोजन कराया गया था अब 6 दिन पूर्व उनको पुत्र रत्न प्राप्ति होने पर छठी के शुभ अवसर पर उन्होंने जिला अस्पताल परिसर में लगभग 1000 लोगों को निशुल्क भोजन कराया जिस अवसर पर समस्त पुलिस प्रशासन उपस्थित था तथा अन्नपूर्णा सेवा संघ के पदाधिकारीयों ने पुलिस अधीक्षक महोदय को स्मृति चंद्र देकर उनका सम्मान किया इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अन्नपूर्णा सेवा संघ निस्वार्थ रूप से जनता की सेवा कर रही है जिसमें लोगों के सहयोग से वह जरूरतमंदों को निशुल्क भोजन उपलब्ध करा रही है । तथा एंबुलेंस सेवा, क्लॉथ बैंक, नेकी की दीवार, ऑक्सीजन बैंक, शव वाहन व अन्नपूर्णा मुक्ति रथ का संचालन भी सुचारू रूप से जनहित में चल रहा है इस प्रकार के कार्यों में सभी नागरिकों को चाहे वह प्रशासनिक अधिकारी हो या व्यापारी हो या सामान्य नागरिकों सभी को सहयोग प्रदान करना चाहिए जिससे कि जनहित के इस तरह के कार्यों से लोगों का भला होता रहे तथा मानवता सदैव कायम रहे।

# शार्ट न्यूज

## कुशीनगर में धर्म परिवर्तन गिरोह का भंडाफोड़

**कुशीनगर।** कुशीनगर में एक संगठित धर्म परिवर्तन गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर एक हिंदू युवती को सकुशल बरामद किया है। मामला तब सामने आया जब पीड़िता के पिता ने तुर्कपट्टी थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री को अमृतसर से कुशीनगर लाकर धर्म परिवर्तन कराया गया। इस शिकायत पर पडरौना कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देश पर कार्रवाई की गई। पडरौना थाना, साइबर सेल और स्वाट टीम ने संयुक्त अभियान चलाया। 27 जुलाई रविवार शाम 4 बजे युवती को बरामद किया गया। साथ ही गिरोह के 8 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे एक संगठित गिरोह चलाते हैं। यह गिरोह हिंदू युवतियों को प्रेमजाल में फंसाकर धर्म परिवर्तन कराता है। मुख्य आरोपी तौफिक अंसारी युवती के अश्लील वीडियो और धर्म परिवर्तन की रिकॉर्डिंग बनाता था। इससे वह परिजनों को ब्लैकमेल करता था। गिरोह की महिला सदस्य कैसर जहां और फातिमा भी सक्रिय थीं।

## सहारनपुर पुलिस ने पकड़े 3 शातिर चोर

**सहारनपुर।** सहारनपुर के थाना नानौता पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी के मामले का सफल अनावरण करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से तीन अवैध चाकू भी बरामद हुए हैं। 2 जुलाई 2025 को सावेज मलिक पुत्र हाजी अब्दुल वहीद ने थाना नानौता में शिकायत दर्ज कराई थी। उनकी ई-रिक्शा रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 11 डीटी 2050 अज्ञात चोरों द्वारा चुरा ली गई थी। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में रविवार शाम को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने माधोपुर नहरपुल से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में सलमान पुत्र सलीम मोहल्ला शेखजादगान, नानौता, मोहम्मद अली उर्फ गुड्डू पुत्र सलीम मोहल्ला चाहमंजली, नानौता और रियाज पुत्र अब्बास नई बस्ती, नकुड शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने अपने एक अन्य साथी जुनैद के साथ मिलकर करीब 25 दिन पहले मिनारा मस्जिद कस्बा नानौता से रात में एक ई-रिक्शा चोरी की थी। चोरी की गई ई-रिक्शा जुनैद अपने साथ ले गया था। आरोपियों ने यह भी बताया कि लगभग 15 दिन पहले थाना मंडी क्षेत्र से भी रात में एक ई-रिक्शा चोरी की थी।

## युवक की हत्या के दो और आरोपी गिरफ्तार

**देवरिया।** देवरिया जिले के रुद्रपुर कोतवाली पुलिस ने एक युवक की पीट-पीटकर हत्या के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी विट्ठलपुर में 13 जून को हुई मारपीट की घटना से जुड़ी है, जिसमें हरिभजन निषाद उर्फ भोलू निषाद की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। घटना के अनुसार, 13 जून को रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के विट्ठलपुर में राज निषाद और अन्य लोगों ने आपसी विवाद में हरिभजन निषाद पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया था। गंभीर रूप से घायल हरिभजन का इलाज चल रहा था। लेकिन 21 जून को उनकी मौत हो गई। पीड़ित की मां दुर्गावती देवी की शिकायत पर थाना रुद्रपुर में मुकदमा दर्ज किया गया था। मेडिकल रिपोर्ट और चिकित्सकीय साक्ष्यों के आधार पर कुल पांच आरोपियों के नाम सामने आए। इनमें से राज निषाद, रतनदीप निषाद और सन्नी निषाद को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। शनिवार को पुलिस ने सूरज निषाद और मुसाफिर निषाद को दुग्धेश्वरनाथ मंदिर के सामने पूर्वी बाइपास तथा सेमरौना पुल के पास से गिरफ्तार किया। हत्याकांड में शामिल पिन्टू निषाद और अनीष निषाद अभी भी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें गठित कर दी गई हैं।

## कानपुर में इलाज के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत

**कानपुर।** कानपुर चकेरी के एक निजी अस्पताल में डिलीवरी से पहले ही जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। परिजनों ने हॉस्पिटल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। चकेरी पुलिस ने मामले की जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अस्पताल संचालक के खिलाफ चकेरी थाने में तहरीर दी गई है। नर्वल के गौरी गांव निवासी अंकित ने बताया कि उनकी पत्नी मधु (23) गर्भवती थीं। पेट में दर्द होने पर उन्हें चकेरी के रामदेवी हॉस्पिटल में रविवार को सुबह 11 बजे एडमिट कराया था। ऑपरेशन के नाम पर हॉस्पिटल मैनेजमेंट ने 60 हजार रुपए जमा करा लिया, लेकिन ऑपरेशन करने की बजाए टालते रहे। उधर दर्द की वजह से मधु की तबियत बिगड़ती जा रही थी। शाम को ज्यादा सीरियस होने पर डॉक्टर उन्हें ऑपरेशन के लिए ओटी में ले गए। इससे पहले ही दर्द से कराह रही मधु की सांसें थम गईं। पति अंकित, पिता बब्बन और परिवार के अन्य लोगों को ऑपरेशन से पहले मौत की जानकारी मिलते ही चीख-पुकार मच गई। परिवार के लोगों ने डॉक्टरों ने पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। परिजनों का कहना था कि हॉस्पिटल में ठेके पर इलाज होता है।

## डिम्पल यादव पर आपत्तिजनक टिप्पणी का विरोध

**कन्नौज।** सपा सांसद डिम्पल यादव पर आपत्तिजनक बयान देने वाले मौलाना के खिलाफ समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता कन्नौज कोतवाली पहुंचे। यहां अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नेताओं ने रविवार शाम तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। दिल्ली निवासी मौलाना और आल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष साजिद रशीद के खिलाफ कन्नौज में सपा कार्यकर्ता एकजुट हुए। सपा नेता और अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव कौसर जमील के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता देर शाम सदर कोतवाली पहुंचे। उन्होंने मौलाना साजिद रशीद के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के लिए तहरीर दी। कौसर जमील ने आरोप लगाया कि मौलाना साजिद रशीद एक एजेंट की तरह काम करता है। उन्होंने मैनपुरी की सपा सांसद डिम्पल यादव के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की है। इससे माहौल खराब होने की संभावना है। उन्होंने मौलाना के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर सपा नेता मुस्ते हसन, दीपक नेता, अन्ना यादव, मुनि कुशवाहा, मोहित यादव, अनुज यादव और आसिफ सिद्दीकी सहित कई लोग मौजूद थे।

## नाम बदलकर छात्रा से शारीरिक शोषण

**लखनऊ।** लखनऊ के बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में एक गंभीर मामला सामने आया है। बीकेटी क्षेत्र में रहकर नर्सिंग कॉलेज में पढ़ाई कर रही एक छात्रा के साथ एक युवक ने अपना नाम बदलकर चार वर्षों तक शारीरिक शोषण किया। आरोपी युवक ने खुद को सुनील बताकर छात्रा के साथ संबंध बनाए। जब छात्रा ने शादी का दबाव बनाया, तो वह उसे अपने घर ले गया। वहां छात्रा को पता चला कि युवक का असली नाम सुनील नहीं बल्कि सद्दाम कुरैशी है। सद्दाम के परिजनों ने छात्रा से धर्म परिवर्तन के बाद ही शादी करने की बात कही। जब छात्रा ने इनकार किया, तो आरोपी के परिजनों ने उसके साथ मारपीट की। उन्होंने जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी और उसे वहां से भगा दिया। रविवार को पीड़िता ने बीकेटी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। यह मामला लव जिहाद का बताया जा रहा है, जिसमें युवक ने अपनी पहचान छिपाकर छात्रा के साथ संबंध बनाए और बाद में उसे धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाला।

## जालौन में महिला चोरों का गिरोह गिरफ्तार

**जालौन।** जालौन के उरई कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने महिला चोरों के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने छह महिलाओं को गिरफ्तार किया है जो बच्चों को साथ लेकर बाजारों में घूमकर महिलाओं के पर्स से चोरी करती थीं। पकड़ी गई सभी महिलाएं महाराष्ट्र के नागपुर जिले की रहने वाली हैं। राजेंद्र नगर निवासी ध्यानेंद्र सिंह ने पुलिस को शिकायत दी थी। उन्होंने बताया कि उनकी चाची चंद्रकांति और बहू संध्या सिंह के साथ घंटाघर चौराहे पर कुछ महिलाओं ने 5 हजार रुपये छीनने का प्रयास किया था। ललकारने पर महिलाएं भाग निकलीं। पुलिस को सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध महिलाएं माहिल तालाब के पास घूम रही हैं। रविवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय ने पुलिस बल के साथ दबिश दी। वहां मौजूद छह महिलाओं को पकड़ लिया गया। इनमें से दो महिलाओं की गोद में छोटे बच्चे भी थे।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
सोमवार 28 जूलाई 2025
Www.vishalindia.in

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी सेना ने आईएस के बड़े आतंकी अल-हरदान को मार गिराया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** उत्तर-पश्चिमी सीरिया में अमेरिकी नेतृत्व वाली सेना ने इस्लामिक स्टेट आतंकवादी समूह के एक बड़े नेता को मार गिराया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड की ओर से जारी बयान में कहा कि उसने सीरिया के अलेप्पो प्रांत के अल-बाब शहर में शुक्रवार तड़के आईएस नेता धिया जौबा मुस्लीह अल-हरदान और उसके दो वयस्क बेटों को मार गिराया, जो इस समूह से जुड़े थे। बयान के अनुसार घटनास्थल पर मौजूद तीन महिलाओं और तीन बच्चों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। मारे गए लोग अमेरिकी और गठबंधन सेनाओं के साथ-साथ नई सीरियाई सरकार के लिए भी खतरा पैदा कर रहे थे। ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानी संस्था, सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि यह अभियान हवाई बलों के जरिये किया गया, जो इस साल आईएस के खिलाफ अमेरिकी नेतृत्व वाले गठबंधन द्वारा किया गया।

### मधेश प्रदेश में जल संकट, आपदा

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल सरकार ने मधेश प्रदेश को जल संकट के कारण तीन महीनों के लिए आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित किया है। पीएम केपी शर्मा ओली ने शुक्रवार को हेलिकॉप्टर से बारा और महोत्तरी जिलों के सूखा प्रभावित इलाकों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में श्रम, रोजगार तथा सामाजिक सुरक्षा मंत्री शरद सिंह भंडारी भी शामिल थे। ओली ने संकट दूर करना प्राथमिकता बताया।

### यूरोप जा रही नाव लीबिया तट पर पलटी 15 लोगों की मौत

**त्रिपोली , एजेंसी।** लीबिया के तट के पास शुक्रवार तड़के 2 बजे एक प्रवासी नाव पलट गई। इसमें सवार मिस्र के 15 लोगों की मौत हो गई। नाव यूरोप जा रही थी। चालक दल के सदस्य दो सूडानी चालक दल के सदस्यों को बचाने में सफल रहे, लेकिन तीसरा लापता है। नाव पलटने का कारण नहीं पता चला है।

### बाजार से लौट रहे 14 लोगों की बंदूकधारियों ने की हत्या

**अबुजा, एजेंसी।** मध्य नाइजीरिया के बोक्कोस क्षेत्र में साप्ताहिक बाजार से लौट रहे वाहन पर घात लगाकर सशस्त्र हमलावरों ने हमला कर दिया, जिसमें महिलाओं और शिशुओं सहित 14 लोगों की मौत हो गई। हमला बृहस्पतिवार दोपहर उस समय हुआ, जब हिंसाग्रस्त पठारी राज्य के लोकप्रिय बोक्कोस बाजार से लोग गाड़ी से लौट रहे थे। बोक्कोस सांस्कृतिक विकास मंच के अध्यक्ष फार्मासुम फुडांग ने कहा कि हमलावरों ने वाहन को रोका और फिर गोलीबारी शुरू कर दी। बता दें कि नाइजीरिया में हथियारबंद हमलावरों के द्वारा आम नागरिकों की हत्या के मामले आए दिन सामने आते रहते हैं।

### स्टारलिंक नेटवर्क बाधित वैश्विक सेवाएं प्रभावित, 140 देशों के उपयोगकर्ता परेशान

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अरबपति कारोबारी एलन मस्क की उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवा स्टारलिंक के सर्वर को सबसे बड़े व्यवधान का सामना करना पड़ा। इसकी एक आंतरिक सॉफ्टवेयर नाकामी ने हजारों उपयोगकर्ताओं (यूजरों) को ऑफलाइन कर दिया। यह मस्क के शक्तिशाली उपग्रह इंटरनेट प्रणाली के लिए एक दुर्लभ रुकावट रही। इसकी वजह से 140 देशों में इंटरनेट सेवा बाधित हो गई। क्राउडसोर्स्ड आउटेज ट्रैकर डाउनडिटेक्टर के अनुसार, अमेरिका-यूरोप रुकावट का अनुभव करने लगे। उस वक्त साइट पर 61,000 लोगों को शिकायत आई, जो धीरे-धीरे बढ़ती गई। स्टारलिंक के 140 देशों और क्षेत्रों में करीब 60 लाख से ज्यादा यूजर्स हैं। इसके इंजीनियरिंग उपाध्यक्ष माइकल निकोल्स ने कहा, सेवा करीब 2.5 घंटे बाद फिर शुरू हुई। उन्होंने बाधा के लिए माफी मांगी।

### इजरायल ने सैनिकों के लिए इस्लाम और अरबी सीखना जरूरी कर दिया

**तेलअवीव, एजेंसी।** इजरायल डिफेंस फोर्स ने खुफिया विभाग के सैनिकों और अधिकारियों के लिए अरबी भाषा व इस्लामी स्टडी की ट्रेनिंग जरूरी कर दी है। रिपोर्ट में बताया गया कि 7 अक्टूबर, 2023 को हुई खुफिया विफलता को देखते हुए यह फैसला लिया गया। माना जा रहा है कि इस पहल से खुफिया अफसरों की जांच का दायरा और बढ़ेगा। अगले साल के अंत तक अमन (इजरायल के सैन्य खुफिया निदेशालय का हिब्रू में नाम) के सभी कर्मियों से इस्लामी अध्ययन कराया जाएगा। साथ ही, 50 प्रतिशत कर्मियों को अरबी भाषा सिखाई जाएगी। यह आदेश अमन के प्रमुख मेजर जनरल श्लोमी बाइंडर ने जारी किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, आईडीएफ के इस कार्यक्रम में हूती और इराकी बोलियों पर भी ध्यान दिया जाएगा। खुफिया कर्मियों को फिलहाल हूती में बातों को समझने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। रिपोर्ट में बताया गया कि यमन और अन्य अरब क्षेत्रों के ज्यादातर लोगों को कात (हल्का नशीला पौधा) चबाने की आदत है। इससे साफ बोलने में दिक्कत आने लगती है। सीनियर अधिकारी ने आर्मी रेडियो को बताया, अब तक हम संस्कृति, भाषा और इस्लाम के क्षेत्रों में सक्षम नहीं रहे हैं।

# अमेरिकी ने फिर पढ़े पाक की तारीफ में कसीदे, इशाक डार से मिले रुबियो

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार से स्टेट डिपार्टमेंट में मुलाकात की। इस उच्च-स्तरीय बैठक में दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापार, महत्वपूर्ण खनिजों में सहयोग और क्षेत्रीय स्थिरता जैसे मुद्दों पर चर्चा की। रुबियो ने आतंकवाद के खिलाफ पाकिस्तान की भूमिका और क्षेत्रीय शांति में उसके योगदान की सराहना की, जिसे कूटनीतिक हलकों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

बैठक के दौरान, रुबियो ने पाकिस्तान के प्राकृतिक संसाधनों और आर्थिक संभावनाओं पर विशेष जोर दिया। सूत्रों के अनुसार, अमेरिका पाकिस्तान के खनिज भंडारों और ऊर्जा संसाधनों में निवेश की संभावनाओं पर नजर रखे हुए है। रुबियो ने कहा कि दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देना समय की मांग है, और पाकिस्तान की रणनीतिक स्थिति इसे क्षेत्रीय व्यापार का केंद्र बनाती है।

रुबियो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आज मैंने पाकिस्तानी उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार से मुलाकात की और द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने तथा महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। मैंने आतंकवाद का मुकाबला करने और क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने में पाकिस्तान की साझेदारी के लिए उनका धन्यवाद किया। इस मुलाकात में दोनों पक्षों ने आगामी




अमेरिका-पाकिस्तान आतंकवाद विरोधी संवाद पर भी चर्चा की जो अगस्त में इस्लामाबाद में आयोजित होने वाला है। इस संवाद का उद्देश्य आईएसआईएस -के जैसे आतंकी समूहों के खिलाफ सहयोग को और गहरा करना है।

**पाक के प्राकृतिक खजाने :** पाकिस्तान के प्राकृतिक खजाने देश की आर्थिक और रणनीतिक क्षमता का आधार हैं। हिमालय, काराकोरम और हिंदु कुश पर्वत श्रृंखलाओं से लेकर थार मरुस्थल और अरब सागर के तट तक, पाकिस्तान प्राकृतिक संसाधनों की विविधता से समृद्ध है। यहां कोयला, प्राकृतिक गैस, तांबा, सोना, लौह अयस्क और बेशकीमती रत्नों जैसे खनिजों के विशाल भंडार मौजूद हैं, जिनमें बलूचिस्तान का रेको दिक तांबा-सोना खनन क्षेत्र विश्व स्तर पर चर्चित है। इसके अलावा, सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियां जलविद्युत उत्पादन और कृषि के लिए महत्वपूर्ण हैं। इन संसाधनों का दोहन, यदि प्रभावी ढंग से किया जाए, तो पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकता है, जिसने हाल के वर्षों में वैश्विक निवेशकों, विशेष रूप से अमेरिका और चीन जैसे देशों का ध्यान आकर्षित किया है। अमेरिका अब इसी को भुनाना चाहता है।

**पाकिस्तान की भूमिका और क्षेत्रीय स्थिरता पर बात :** रुबियो ने पाकिस्तान की उस भूमिका की भी प्रशंसा की, जिसमें उसने ईरान के साथ मध्यस्थता में रचनात्मक योगदान दिया और क्षेत्रीय स्थिरता को बनाए रखने की प्रतिबद्धता दिखाई। अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने बताया कि रुबियो ने इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों के बीच आपसी लाभकारी व्यापार को बढ़ाने और महत्वपूर्ण खनिज और खनन क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं को तलाशने की आवश्यकता है। इसके अलावा, दोनों नेताओं ने भारत और पाकिस्तान के बीच हाल के तनावों को कम करने में अमेरिका की भूमिका पर भी चर्चा की। इशाक डार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में भारत-पाकिस्तान तनाव को कम करने में की गई मध्यस्थता की सराहना की। डार ने कहा, हम अमेरिका के साथ अपनी साझेदारी को राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा क्षेत्रों में और गहरा करना चाहते हैं। पाकिस्तान क्षेत्र और विश्व में शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए एक विश्वसनीय साझेदार बना रहेगा। यह मुलाकात उस समय हुई है, जब हाल ही में अमेरिका ने द रेसिस्टेंस फ्रंटको एक विदेशी आतंकवादी संगठनऔर विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी के रूप में घोषित किया। टीआरएफ को पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का एक मुखौटा माना जाता है, जिसने अप्रैल में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। हालांकि, इशाक डार ने टीआरएफ को लश्कर-ए-तैयबा से जोड़ने पर असहमति जताई और कहा कि लश्कर-ए-तैयबा को कई साल पहले खत्म कर दिया गया था और इसके सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया था। उन्होंने दावा किया कि टीआरएफ का इससे कोई संबंध नहीं है।

## गिस्लेन ने 100 लोगों से जुड़े सवालों के दिए जवाब, 20 साल की सजा काट रही है एपस्टीन की पूर्व साथी




**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में इन दिनों जेफ्री एपस्टीन की मौत का मामला लगातार से चर्चा में है। इसी बीच जेफ्री एपस्टीन की पूर्व प्रेमिका और अब जेल में बंद गिस्लेन मैक्सवेल ने अमेरिकी न्याय विभाग के अधिकारियों के साथ लगभग डेढ़ दिन तक चली पूछताछ में करीब 100 लोगों से जुड़े सवालों के जवाब दिए। उनके वकील डेविड ऑस्कर मार्कस ने बताया कि मैक्सवेल ने पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता से जवाब दिए, किसी भी सवाल से बचने की कोशिश नहीं की और किसी कानूनी विशेषाधिकार का हवाला नहीं दिया।


बता दें कि मैक्सवेल इस समय 20 साल की सजा काट रही हैं और फ्लोरिडा की एक लो-सेक्योरिटी जेल में बंद हैं। उन्हें तीन साल पहले इस आरोप में सजा हुई थी कि उन्होंने करोड़पति जेफ्री एपस्टीन की नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण में मदद की थी। मामले में शुक्रवार को जब उनसे गिस्लेन मैक्सवेल को माफी (पार्डन) देने को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कोई सीधा जवाब नहीं दिया। मैक्सवेल के वकील ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप से किसी प्रकार की सौदेबाजी नहीं की, लेकिन उम्मीद जताई कि ट्रंप सही और न्यायसंगत फैसला लेंगे। इस बीच, न्याय विभाग ने स्पष्ट किया है कि कोई एपस्टीन क्लाइंट लिस्ट मौजूद नहीं है, और फिलहाल इससे जुड़ी कोई और जानकारी सार्वजनिक नहीं की जाएगी। गिस्लेन मैक्सवेल ने अपने दोषसिद्धि के खिलाफ अपील भी दायर की है, जिसमें दावा किया गया है कि सरकार ने पहले ही यह वादा किया था कि एपस्टीन के किसी भी सहयोगी पर दोबारा केस नहीं चलेगा।

## सीमा पर गोलाबारी जारी, मौत का आंकड़ा 32 तक पहुंचा यूएनने भी जताई चिंता

**बैंगकॉक , एजेंसी।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा पर जारी तनावपूर्ण हालात अब खतरनाक मोड़ पर पहुंच गए हैं। कंबोडिया के अधिकारियों ने शनिवार को जानकारी दी कि सीमा पर संघर्ष के चलते 12 नई मौतें हुई हैं। इस तरह अब तक दोनों देशों में कुल 32 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में सैनिकों के साथ-साथ आम नागरिक भी शामिल हैं। संघर्ष के चलते दोनों देशों के सीमावर्ती क्षेत्रों से हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेनी पड़ी है। थाईलैंड के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक 58,000 से ज्यादा लोग प्रभावित जिलों से निकाले गए हैं। वहीं, कंबोडिया के अधिकारियों का कहना है कि करीब 23,000 लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने बंद कमरे में आपात बैठक बुलाई और दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की। कंबोडिया के संयुक्त राष्ट्र राजदूत ने संघर्ष को लेकर यूएन से तत्काल संघर्षविराम की अपील की और कहा कि उनकी ओर से आक्रामकता नहीं की गई। उधर, आसियान की अध्यक्षता कर रहे मलेशिया ने भी इस तनाव को खत्म करने के लिए मध्यस्थता की पेशकश की है। मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने बताया कि दोनों देशों ने संघर्षविराम की सैद्धांतिक सहमति दी है।

# हवा में टला बड़ा विमान हादसा- टेकऑफ के तुरंत बाद जमीन पर गिरने लगी साउथवेस्ट की फ्लाइट, दो क्रू मेंबर घायल

**लास वेगास, एजेंसी।** अमेरिका में शुक्रवार को एक बड़ा हवाई हादसा टल गया, जब साउथवेस्ट एयरलाइंस की एक फ्लाइट टेकऑफ के कुछ ही मिनट बाद अचानक हवा में नीचे गिरने लगी। फ्लाइट नंबर 1496 कैलिफोर्निया के हॉलीवुड बरबैंक एयरपोर्ट से लास वेगास जा रही थी। इस घटना में दो फ्लाइट अटेंडेंट घायल हो गए हैं और उन्हें इलाज के लिए भेजा गया है। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) के अनुसार, विमान को हवा में एक अन्य विमान के नजदीक आने की चेतावनी मिली थी। एफएए ने बताया कि विमान को टक्कर से बचाने के लिए पायलट को पहले विमान को ऊंचाई पर ले जाना पड़ा और फिर अचानक नीचे लाना पड़ा ताकि टक्कर टाली जा सके। एयरलाइन ने बताया कि क्रू को दो बार अलर्ट मिला और उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए ऊंचाई में बदलाव किया। इस दौरान प्लेन में तेज झटका लगा और फ्लाइट अटेंडेंट चोटिल हो गए। विमान में सवाल कॉमेडियन जिमी डोर ने साझा किया अनुभव इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर लोगों की तरह-तरह की प्रतिकियाएं सामने आने लगी। इसी में एक फ्लाइट में सवार कॉमेडियन जिमी डोर ने अपना डरावना अनुभव सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया। उन्होंने बताया कि टेकऑफ के कुछ ही देर बाद विमान को टक्कर



से बचाने के लिए पायलट को अचानक नीचे की ओर तेजी से लाना पड़ा। उन्होंने कहा कि पायलट ने हमें सूचना दी कि विमान की टक्कर होने की चेतावनी दी गई है और सामने से आ रहे एक विमान से बचने के लिए ऐसा करना जरूरी था। लोगों ने साझा किया डरावना अनुभव डोर ने बताया कि विमान की नीचे आने की गति इतनी तेज थी कि वे खुद और कई यात्री सीटों से उछलकर छत से टकरा गए। एक फ्लाइट अटेंडेंट को चोट लगी और उन्हें तुरंत चिकित्सा सहायता की ज़रूरत पड़ी। वहीं कुछ यात्रियों ने यह भी बताया कि प्लेन में सवार सभी लोग डर के मारे सहम गए थे। हालांकि डरावने अनुभव के बाद फ्लाइट ने लास वेगास में सुरक्षित लैंडिंग की। एयरलाइन ने बयान जारी कर कहा कि वह एफएए के साथ मिलकर मामले की पूरी जांच कर रही है। क्या है अब तक की जानकारी? जानकारी के अनुसार हादसा टेकऑफ के कुछ मिनट बाद हुआ। पायलट ने टक्कर से बचने के लिए तुरंत रिएक्शन दिया। घटना में दो फ्लाइट अटेंडेंट घायल हुए। फ्लाइट बाद में लास वेगास में सुरक्षित उतरी। हालांकि मामले में एफएए ने जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि यह घटना ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका में हवाई सुरक्षा को लेकर पहले से ही चिंता जताई जा रही है।

## किसी तीसरे की जरूरत नहीं, युद्ध के बीच थाइलैंड ने अमेरिका-चीन को दे दिया टका सा जवाब

**बैंकॉक , एजेंसी।** थाइलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा विवाद को लेकर दो दिनों से चल रही जंग और भीषण हो गई है। अब तक 14 लोगों की जान जा चुकी है और मृतकों में ज्यादातर आम नागरिक हैं। दोनों देशों के सैनिकों ने सीमा पर एक दूसरे के खिलाफ गोलीबारी की। दोनों ने छोटे हथियारों से फायरिंग करते हुए तोप से गोले दागे और रॉकेट हमले किए। जंग बढ़ती देख अमेरिका, चीन और मलेशिया ने मध्यस्थता के लिए ऑफर दिया था, जिसे थाइलैंड जैसे छोटे से देश ने चीन और अमेरिका को टका सा जवाब दे दिया। थाइलैंड ने साफ कर दिया कि उसे किसी तीसरे की जरूरत नहीं है। हालांकि, बाद में मलेशिया का ऑफर स्वीकार कर लिया है। थाइलैंड के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि उसने कंबोडिया के साथ चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए अन्य देशों की मध्यस्थता के प्रयासों को अस्वीकार कर दिया है और इस बात पर जोर दिया है कि नोम पेन्ह हमले बंद करे और स्थिति का समाधान केवल द्विपक्षीय वार्ता के जरिए ही हो। थाइलैंड के विदेश मंत्रालय के



प्रवक्ता निकोर्न्डेज बालनकुरा ने रॉयटर्स को बताया कि संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और मलेशिया (जो आसियान क्षेत्रीय ब्लॉक का वर्तमान अध्यक्ष है) ने बातचीत को सुविधाजनक बनाने की पेशकश की है, लेकिन बैंकॉक संघर्ष का द्विपक्षीय समाधान चाहता है। थाइलैंड के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता निकोर्न्डेज बालनकुरा ने रॉयटर्स को बताया, मुझे नहीं लगता कि हमें अभी किसी तीसरे देश की मध्यस्थता की जरूरत है। निकोर्नडेज ने कहा, हम अपने इस रुख पर कायम हैं कि द्विपक्षीय व्यवस्था ही सबसे अच्छा समाधान है, यह दोनों देशों के बीच टकराव है। उन्होंने आगे कहा कि कंबोडियाई पक्ष को पहले सीमा पर हिंसा रोकनी चाहिए। हमारे दरवाजे अभी भी खुले हैं। हालांकि, पहले ऑफर को ठुकराने के बाद थाइलैंड सरकार युद्धविराम का समर्थन करने के मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के प्रस्ताव पर विचार करने के लिए तैयार हो गई है। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर लिखा, कोई भी युद्धविराम उचित जमीनी परिस्थितियों पर आधारित होना चाहिए। थाइलैंड नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है और इस समय, कंबोडिया की कार्रवाइयां सद्भावना की कमी को दर्शाती हैं और नागरिकों को खतरे में डाल रही हैं। शाही थाइ सरकार का दायित्व है कि वह अपनी संप्रभुता और अपने लोगों की पूरी तरह से रक्षा करे। वहीं, थाइलैंड के अधिकारियों ने कंबोडिया की सीमा से लगे आठ जिलों में मार्शल लॉ लागू कर दिया क्योंकि झड़पें दूसरे दिन भी जारी रहीं।

## बातों से नहीं मानने वाले, हमास पर भड़क उठे डोनाल्ड ट्रंप, इजरायल को दी खुली छूट

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आतंकी संगठन हमास को लेकर कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। ट्रंप ने इजरायल को खुली छूट देते हुए साफ कह दिया है कि वह गाजा में अपने सैन्य अभियान को तेज कर दे। असल में हमास ने अमेरिका समर्थित शांति वार्ता के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है। इसके बाद ही डोनाल्ड ट्रंप भड़क उड़े हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यहां तक कह डाला कि यह आतंकी संगठन शांति का इच्छुक नहीं है। स्कॉटलैंड से निकलने से पहले ट्रंप ने कहाकि हमास को किसी भी बातचीत में रुचि नहीं है। मुझे लगता है कि वह मरना ही चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह वास्तव में बहुत ज्यादा बुरा है।

**अमेरिकी प्रयासों को झटका :** अमेरिकी गाजा पट्टी में शांति स्थापति करने के लिए प्रयासरत था। इसके लिए स्टीव विटकॉफ के नेतृत्व में मिडिल ईस्ट में शांति वार्ता के लिए एक दल भी भेजा गया था। लेकिन अब स्टीव विटकॉफ ने कह दिया है कि अमेरिका इस बातचीत से पीछे हट रहा है। उन्होंने कहा कि हमें अब किसी अन्य विकल्प के बारे में विचार करना चाहिए। इसके बाद ही अमेरिकी राष्ट्रपति की यह चेतावनी आई है। बता दें कि ट्रंप ने हमास के चंगुल में फंसे अंतिम अमेरिकी-इजरायली नागरिक एडन एलेक्जेंडर की रिहाई में अहम भूमिका निभाई थी। ट्रंप ने कहा कि बातचीत की अंतिम स्टेज पर हमास का



इस तरह इनकार करना दिखाता है कि वह हिंसा करने पर उतारू है। गाजा में हालात काफी ज्यादा खराब हैं। वहां पर बच्चे भूख से बेहाल हैं। इन सबके बीच ट्रंप ने संकेत दिया है कि अब डिप्लोमेसी से बात नहीं बनने वाली है। ट्रंप ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से कहा कि लड़ो इजरायली सैन्य अभियान में अमेरिका पूरी तरह से उसके साथ है। उन्होंने कहा कि अब हमास की खैर नहीं। इस बीच इजरायली प्रधानमंत्री ने भी अपनी बात कही है। इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी बयान में नेतन्याहू ने विटकॉफ की बात दोहराते हुए कहा कि हमास बंधक रिहाई समझौते में बाधा है। इजरायली प्रधानमंत्री ने कहा कि हम अपने अमेरिकी सहयोगियों के साथ मिलकर अब अपने बंधकों को घर वापस लाने, हमास के आतंकवादी शासन को समाप्त करने तथा इजरायल और हमारे क्षेत्र में स्थायी शांति सुनिश्चित करने के वैकल्पिक विकल्पों पर विचार कर रहे हैं।

# ट्रंप और फेड प्रमुख पॉवेल के बीच कैमरे पर बहस, क्या कदम उठाएंगे अमेरिकी राष्ट्रपति?

**वाशिंगटन, एजेंसी।** वॉशिंगटन डीसी में फेड की निर्माणाधीन इमारत के दौरे के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फेड प्रमुख जेरोम पॉवेल के बीच तीखी बहस का वीडियो सामने आया है। ये बहस फेड की बिल्डिंग के नवीनीकरण खर्चों को लेकर हुई, जो कैमरे पर लाइव रिकॉर्ड हुई। वीडियो में देखा गया कि ट्रंप ने अधिक खर्च का दावा किया, तो पॉवेल ने कहा कि ट्रंप ने एक पुरानी इमारत को भी जोड़ा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फेडरल रिजर्व (अमेरिका के केंद्रीय बैंक) के प्रमुख जेरोम पॉवेल के बीच बहस का एक वीडियो सोशल मीडिया पर लगातार सामने आ रहा है। यह बहस फेड की बिल्डिंग के नवीनीकरण खर्चों को लेकर हुई, जो कैमरे पर लाइव रिकॉर्ड हुई। यह पूरी घटना गुरुवार को उस समय हुई जब ट्रंप और पॉवेल वॉशिंगटन डीसी में फेड की निर्माणाधीन इमारत का दौरा कर रहे थे। वीडियो में देखा जा सकता है कि इमारत के दौरे के दरमियान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और जेरोम पॉवेल दोनों ने सफेद हेलमेट और सूट पहन रखे थे। बता दें कि यह पहली बार है जब बीते दो दशकों में कोई मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति फेडरल रिजर्व के मुख्यालय पहुंचा।

**रेनोवेशन की बजट को लेकर हुई तीखी बहस :** इस दौरान ट्रंप ने कहा कि फेड की इमारत का रेनोवेशन बजट से काफी ज्यादा लगभग 3.1 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। इस पर पॉवेल ने आपत्ति जताते हुए



कहा कि ट्रंप ने एक तीसरी इमारत को भी जोड़ लिया है, जो 5 साल पहले ही बन चुकी है। इसके बाद ट्रंप ने जेब से एक कागज निकालकर दावा किया कि यह जानकारी फेड से ही मिली है। फेड का कहना है कि असली खर्च 2.5 अरब डॉलर है। पॉवेल ने कागज पढ़ा और कहा कि ट्रंप ने इसमें एक तीसरी बिल्डिंग भी जोड़ दी है जो पांच साल पहले ही बन चुकी है। ट्रंप ने जवाब में कहा कि वो बिल्डिंग बन रही है, जिस पर पॉवेल ने कहा कि नहीं, वो पांच साल पहले बन चुकी है ये नई नहीं है। इसके बाद ट्रंप ने दौरा खत्म करते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि फेड का निर्माण जल्दी पूरा हो और फेड ब्याज दरों में तेजी से कटौती करे।

**ट्रंप ने जल्दी काम पूरा करने की बात पर दिया जोर :** दौरे के बाद राष्ट्रपति टंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए निर्माणाधीन इमारत का काम जल्दी पूरा करने की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसे पूरा करो और उससे भी जरूरी है कि ब्याज दरों को नीचे लाया जाए। गौरतलब है कि पिछले कई महीनों से ट्रंप फेड प्रमुख पॉवेल की नीतियों की आलोचना करते रहे हैं। उन्होंने पॉवेल को हठी, ट्रंप विरोधी, और नासमझ जैसे शब्दों से भी निशाना बनाया है। इतना ही नहीं ट्रंप कई बार उन्हें हटाने की बात भी कह चुके हैं। क्या ट्रम्प पॉवेल को हटा सकते हैं? वहीं मामले में विशेषज्ञों का मानना है कि यदि ट्रम्प फेड के वर्तमान अध्यक्ष पॉवेल को हटाने का अभूतपूर्व कदम उठाते हैं , तो उन्हें कानूनसम्मत तरीके से निष्कासन का कारण बताना होगा और अपने आरोपों को साबित करने के लिए साक्ष्य प्रस्तुत करने होंगे।

# एशिया कप से बीसीसीआई नहीं हट सकता, भारत-पाक मुकाबला तय कार्यक्रम के अनुसार होगा : सूत्र

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच को लेकर बढ़ती अनिश्चितता के बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट से हट नहीं सकता और एशियाई क्रिकेट परिषद (ACC) की बैठक में भारतीय बोर्ड द्वारा हरी झंडी दिए जाने के बाद दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी टीमों के बीच मुकाबला तय कार्यक्रम के अनुसार ही होगा।

ACC ने शनिवार को एशिया कप का कार्यक्रम जारी किया और पुष्टि की कि भारत और पाकिस्तान के बीच लीग चरण का मुकाबला 14 सितंबर को होगा क्योंकि उन्हें मेजबान UAE और ओमान के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। BCCI सूत्रों ने बताया, 'BCCI अभी टूर्नामेंट या मैच से हट नहीं सकता। ष्टष्ट की बैठक के बाद इस फैसले पर सहमति बनी थी। चूंकि भारत मेजबान देश है, इसलिए इस समय कुछ भी नहीं बदला जा सकता। आधिकारिक स्तर पर चर्चा हुई और उसके अनुसार परिणाम तय किया गया। मैच तय कार्यक्रम के अनुसार ही होगा।'

युवराज सिंह की अगुवाई वाली भारतीय चैंपियन टीम द्वारा बर्मिंघम में चल रहे वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के दूसरे सीजन के दौरान पाकिस्तान चैंपियन के खिलाफ खेलने से इनकार करने के बाद भारत-पाकिस्तान मुकाबले को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है। इसके कारण आयोजकों ने मैच रद्द कर दिया। खिलाड़ियों ने यह फैसला 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े राजनीतिक तनाव के मद्देनजर लिया है। हालांकि एशिया कप के कार्यक्रम की घोषणा के बाद BCCI ने अभी तक इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में पाकिस्तान के बहिष्कार पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

महीनों की अटकलों को खत्म करते हुए ACC अध्यक्ष और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने शनिवार को एशिया कप के 17वें संस्करण की तारीखों की आधिकारिक घोषणा की। यह टूर्नामेंट 2026 टी20 विश्व कप की तैयारियों के अनुरूप टी20 प्रारूप में खेला जाएगा और इतिहास में पहली बार इसमें आठ टीमें हिस्सा लेंगी। भारत और पाकिस्तान को मेजबान यूएई और ओमान के साथ ग्रुप ए में रखा गया है, जबकि ग्रुप बी में बांग्लादेश, हांगकांग, अफगानिस्तान और श्रीलंका शामिल हैं।

प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष टीमें सुपर फोर चरण में पहुंचेंगी जिसके बाद फाइनल होगा जिससे




टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच तीन मुकाबलों की संभावना बढ़ गई है। 2023 संस्करण के फाइनल में श्रीलंका को हराकर भारत गत विजेता है।

# एडम जम्पा ने सैंटनर की बराबरी की, टी20आई में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले शीर्ष 10 खिलाड़ियों में शामिल




**बैसेटेरे (सेंट किट्स एंड नेविस) (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एडम जम्पा ने न्यूज़ीलैंड के मिशेल सैंटनर की बराबरी कर ली है और अब तक के सबसे ज़्यादा टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वालों की सूची में शीर्ष 10 में जगह बना ली है। जम्पा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ बैसेटेरे में चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान रैंकिंग में यह बढ़त हासिल की। अपने चार ओवर के स्पेल में जम्पा ने चार ओवर में 54 रन देकर तीन विकेट लिए।

अब तक 99 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में जम्पा ने 21.14 की औसत से 124 विकेट लिए हैं जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/19 रहा है। दूसरी ओर, सैंटनर ने 114 मैचों में 22.57 की औसत से 124 विकेट लिए हैं जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/11 रहा है। वे दोनों इस प्रारूप में संयुक्त रूप से 10वें सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

शीर्ष तीन टी20आई विकेट लेने वाले गेंदबाजों न्यूजीलैंड के टिम साउथी (126 मैचों में 22.38 की औसत से 164 विकेट, 5/18 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े के साथ), अफगानिस्तान के राशिद खान (96 मैचों में 13.80 की औसत से 161 विकेट, 5/3 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े के साथ) और न्यूजीलैंड के ईश सोढ़ी (126 मैचों में 22.52 की औसत से 150 विकेट, 4/12 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े के साथ)। हैं।

मैच की बात करें तो वेस्टइंडीज के 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने ग्रीन (नाबाद 55, 35 गेंद, तीन छक्के, तीन चौके) और इंग्लिस (51 रन, 30 गेंद, 10 चौके, एक छक्का) की पारियों की बदौलत 19.2 ओवर में सात विकेट पर 206 रन बनाकर जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज की ओर से जेडिया ब्लेड्स ने 29 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

वेस्टइंडीज ने इससे पहले 9 विकेट पर 205 रन बनाए लेकिन उसकी तरफ से कोई बल्लेबाज टिककर बड़ी पारी नहीं खेल पाया। मेजबान टीम के चार बल्लेबाजों ने 20 रन के आंकड़े को पार किया जिसमें शेरफेन रदरफोर्ड 31 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से आरोन हार्डी, जेवियर बार्टलेट, और सीन एबट ने दो-दो जबकि एडम जंपा ने तीन विकेट चटकाए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने पारी की दूसरी ही गेंद पर मिचेल मार्श (00) का विकेट गंवा दिया जिन्हें ब्लेड्स ने पगबाधा किया। इंग्लिस ने इसके बाद सलामी बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल (47) के साथ दूसरे विकेट के लिए 66 और ग्रीन के साथ तीसरे विकेट के लिए 63 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया की जीत की नींव रखी। ग्रीन ने आरोन हार्डी (23) के साथ भी छठे विकेट के लिए 51 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया की जीत सुनिश्चित की।

# ग्रीन और इंग्लिस के अर्धशतक, ऑस्ट्रेलिया ने चौथे टी20 में वेस्टइंडीज को हराया




**बासेटेरे (सेंट किट्स) (एजेंसी)।** कैमरन ग्रीन और जोश इंग्लिस के अर्धशतक से ऑस्ट्रेलिया ने यहां चौथे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 4-0 की बढ़त बना ली।

वेस्टइंडीज के 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने ग्रीन (नाबाद 55, 35 गेंद, तीन छक्के, तीन चौके) और इंग्लिस (51 रन, 30 गेंद, 10 चौके, एक छक्का) की पारियों की बदौलत 19.2 ओवर में सात विकेट पर 206 रन बनाकर जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज की ओर से जेडिया ब्लेड्स ने 29 रन देकर तीन विकेट चटकाए। वेस्टइंडीज ने इससे पहले 9 विकेट पर 205 रन बनाए लेकिन उसकी तरफ से कोई बल्लेबाज टिककर बड़ी पारी नहीं खेल पाया। मेजबान टीम के चार बल्लेबाजों ने 20 रन के आंकड़े को पार किया जिसमें शेरफेन रदरफोर्ड 31 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से आरोन हार्डी, जेवियर बार्टलेट, और सीन एबट ने दो-दो जबकि एडम जंपा ने तीन विकेट चटकाए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने पारी की दूसरी ही गेंद पर मिचेल मार्श (00) का विकेट गंवा दिया जिन्हें ब्लेड्स ने पगबाधा किया। इंग्लिस ने इसके बाद सलामी बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल (47) के साथ दूसरे विकेट के लिए 66 और ग्रीन के साथ तीसरे विकेट के लिए 63 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया की जीत की नींव रखी। ग्रीन ने आरोन हार्डी (23) के साथ भी छठे विकेट के लिए 51 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया की जीत सुनिश्चित की।

# शुभमन गिल का मैनचेस्टर में बेहतरीन शतक, ब्रैडमैन-गावस्कर के क्लब में की एंट्री

**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल का इंग्लैंड में एक बार फिर बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिला है। उन्होंने रविवार को इंग्लैंड खिलाफ चौथे टेस्ट की दूसरी पारी में शानदार शतक ठोका है। गिल ने मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में संयम के साथ बैटिंग करते हुए 238 गेंदों में 103 रन बनाए। उन्होंने 12 चौके लगाए। पांचवें दिन लंच ब्रेक से पहले पेसर जोफ्रा आर्चर का शिकार बने। ये 25 वर्षीय बल्लेबाज के टेस्ट करियर की नौवीं सेंचुरी है। गिल मैनचेस्टर के मैदान पर टेस्ट सेंचुरी जड़ने वाले 9वें भारतीय क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने 35 साल का शतकीय सूखा समाप्त किया है। दरअसल, गिल से पहले मैनचेस्टर में शतक जड़ने वाले भारतीय प्लेयर सचिन तेंदुलकर थे। सचिन ने 1990 में यहां इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 189 गेंदों में 17 चौकों की बदौलत नाबाद 119 रन बनाए थे। ये महान बल्लेबाज सचिन के करियर का पहला टेस्ट शतक था।

### ब्रैडमैन-गावस्कर के क्लब में की एंट्री

गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज में चौथी शतकीय पारी खेली है। उन्होंने सर डॉन ब्रैडमैन और सुनील गावस्कर के धाकड़ क्लब में एंट्री मारी है। गिल बतौर कप्तान एक टेस्ट सीरीज में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा चार शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और महान बल्लेबाज ब्रैडमैन ने 1947/48 में भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में चार शतक जमाए। पूर्व भारतीय कप्तान गावस्कर ने 1978/79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में ऐसा किया।

### कोहली की बराबरी

गिल एक टेस्ट सीरीज में भारत के लिए संयुक्त रूप से सर्वाधिक शतक लगाने वाले प्लेयर बन चुके हैं। उन्होंने गावस्कर और विराट कोहली की बराबरी की है। गावस्कर ने 1971 और 1978/79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में चार-चार शतक लगाए थे। वहीं, स्टार बल्लेबाज कोहली ने 2014/15 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टेस्ट सीरीज में इतने सेंचुरी लगाई थीं। गिल इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में 700 प्लस रन बनाने वाले पहले एशियाई खिलाड़ी हैं।




# गावस्कर बोले टीम शुभमन की , इसलिए वे ही लें चयन पर अंतिम फैसला

लंदन ।भारतीय टीम के पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि अंतिम ग्यारह के चयन का पूरा अधिकार कप्तान शुभमन गिल के पास होना चाहिये न कि कोच गौतम गंभीर के पास। गावस्कर ने कहा कि टीम कप्तान की होती है कोच की नहीं। इसलिए कप्तान की राय सबसे अहम होती है। विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास के बाद कई लोगों ने नई भारतीय टेस्ट टीम को गंभीर की टीम करार दिया, जबकि चयनकर्ताओं ने शुभमन को नया टेस्ट कप्तान नियुक्त किया था। इससे सवाल ये भी उठ रहा है कि ड्रेसिंग रूम में कप्तान की पकड़ है या कोच हावी हैं? टेस्ट के चौथे दिन जब, गावस्कर से सीधे तौर पर पूछा गया कि क्या यह भारतीय टीम शुभमन या गंभीर की है। इसपर गावस्कर ने कहा कि उन्हें अपनी कप्तानी के दिनों में कभी ऐसी स्थिति का सामना नहीं करना पड़ा, क्योंकि उस समय कोई मुख्य कोच नहीं था। इसकी जगह पर उन्होंने प्रबंधकों या सहायक प्रबंधकों से सुझाव मांगे, जो अक्सर पूर्व खिलाड़ी होते थे। गावस्कर ने कहा, हमारे पास कोच नहीं थे। हमारे पास सिर्फ पूर्व खिलाड़ी ही मैनेजर या सहायक मैनेजर के तौर पर थे। वे ऐसे लोग थे जिनके पास जाकर आप बात कर सकते थे, लंच के समय, दिन के खेल के अंत में या मैच से पहले और वे केवल अपनी सलाह देते थे, फैसला हमें लेना होता था। इसलिए, मेरे लिए कप्तान और कोच के संयोजनप को समझना कठिन है। जब मैं कप्तान था, तब हमारे पास कोई भी पूर्व खिलाड़ी नहीं था।

# करुण को इस कारण चौथे टेस्ट में शामिल नहीं किया गया : कोटक

लंदन ।भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा है कि बल्लेबाज करुण नायर को चौथे टेस्ट से बाहर करने का कारण खराब फार्म नहीं था बल्कि उनपर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए उन्हें आराम दिया गया। इससे पहले कहा जा रहा था कि आठ साल बाद वापसी के बाद भी शुरुआती तीनों ही मैचों में खराब प्रदर्शन के कारण इस बल्लेबाज को टीम से बाहर किया गया है। प्रशंसकों का मानना था कि करुण अवसरों का लाभ नहीं उठा पाये जिस कारण उन्हें अपनी जगह खोनी पड़ी। नायर को मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रेफर्ड में खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच में शामिल न करते हुए उनकी जगह पर साई सुदर्शन को अवसर दिया गया। सुदर्शन ने अवसर का लाभ उठाते हुए पहली पारी में अर्धशतक लगाया था। वह हालांकि, दूसरी पारी में रन नहीं बना पाये।

# जडेजा को स्टोक्स से बेहतर ऑलराउंडर मानते हैं कपिल



मुम्बई ।भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव का मानना है कि पिछले कुछ समय में इंग्लैंड के ऑलरांउडर बेन स्टोक्स ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है पर अगर भारत के रविन्द्र जडेजा से तुलना करें तो वह अभी भी पीछे हैं। कपिल ने कहा है कि जडेजा स्टोक्स से अधिक अच्छे ऑलराउंडर हैं। स्टोक्स ने भारत के खिलाफ मैनचेस्टर में 14वां टेस्ट शतक लगाया। इस दौरान उन्होंने अपने 7000 टेस्ट रन भी पूरे किए हैं। अब स्टोक्स के नाम 115 मैचों में 35.7 के औसत से 7032 रन हो गये हैं। उन्होंने इस दौरान 14 शतक और 35 अर्धशतक भी लगाये हैं। स्टोक्स ने भारत के खिलाफ चौथे मैच में 198 गेंद में ही 141 रन बनाए। वह सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं। वहीं स्टोक्स के बारे में पूछे जाने पर कपिल ने कहा, ''मैं तुलना नहीं करना चाहता। स्टोक्स एक अच्छे ऑलराउंडर हैं हालांकि मुझे अभी भी लगता है कि जडेजा उनसे आगे हैं। वह कहीं बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।'' स्टोक्स टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में 7000 रन और 200 विकेट हासिल करने वाले तीसरे ऑलराउंडर हैं। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के जैक कैलिस और वेस्टइंडीज के सर गैरी सोबर्स ने ये उपलब्धि हासिल की थी। जडेजा ने इंग्लैंड की पहली पारी में चार विकेट लिए थे। जडेजा इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले सातवें बल्लेबाज हैं। उन्होंने सात पारियों में 86.75 के औसत से 347 रन बनाए हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर 89 रन रहा है। उन्होंने जारी सीरीज में चार अर्धशतक लगाए हैं।

# महिला विश्व कप शतरंज फ़ाइनल: जीत के करीब जाकर चूकी दिव्या, पहली बाजी बेनतीजा

**बातुमी, जॉर्जिया (एजेंसी)।** विश्व महिला शतरंज कप का इतिहासिक मुक़ाबला आज से आरंभ हो गया और यह पहली बार है की भारत विश्व कप जीतेगा क्यूंकी दोनों ही खिलाड़ी भारतीय है । सफ़ेद मोहरो से खेल रही दिव्या देशमुख नें आज अपनी ओपनिंग की तैयारी से दिग्गज कोनेरु हम्पी को लगभग हारी हुई स्थिति में पहुंचा दिया था पर अपने अनुभव से और दिव्या की कुछ गलत चालों से हम्पी इस मुश्किल बाजी को बचाने में कामयाब रही। क्वीन्स गेंबिट एकसेपटेड ओपनिंग में दिव्या नें हम्पी को अपनी नयी चालों से चौंकाया और खेल की दसवीं चाल में दिव्या को इस फायदा मिला और हम्पी गलती कर बैठी , हम्पी का राजा केंद्र में था और दिव्या नें आक्रमण भी किया और अपने घोड़े को कुर्बान करते हुए खेल पर नियंत्रण ले लिया पर खेल की 14वीं चाल में ऊंट की अदला बदली करने की गलत चाल से उन्होने हम्पी को खेल में बराबरी हासिल करने का मौका दे दिया और इसके बाद हम्पी नें सम्हाल कर खेलते हुए पहले अपना घोडा कुर्बान करते हुए पहले अपने राजा को सुरक्षित किया और फिर अपने हथियों को खेल में ले आई और बराबरी हासिल कर ली , खेल की 30वीं चाल में जब हम्पी ड्रॉ के लिए सहमत थी दिव्या नें चाल बदल कर खेल को जारी रखने की मंशा जताई पर अब तक उनका राजा कमजोर हो चुका था और इस बात का फायदा उठाते हुए 35वीं चाल में अपना हाथी कुर्बान किया और दिव्या के राजा को लगातार शह देते हुए खेल ड्रॉ करा लिया । अब जब हम्पी कल सफ़ेद मोहरो से खेलते उतरेंगी तो दबाव दिव्या पर होगा और साथ ही उन्हे जल्द ही पहली बाजी खो देने के झटके से उबरकर एक नयी शुरुआत करनी होगी । अगर कल भी बाजी बेनतीजा रही तो फिर टाईब्रेक के जरिये विश्व कप विजेता का निर्णय लिया जाएगा ।



# रोवमैन पॉवेल ने क्रिस गेल को पीछे छोड़ा, टी20आई में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले क्रिकेटर बने



बैसेटेरे ।वेस्टइंडीज के बल्लेबाज रोवमैन पॉवेल दिग्गज बल्लेबाज क्रिस गेल को पीछे छोड़कर टी20आई में टीम के दूसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। पॉवेल ने यह उपलब्धि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बैसेटेरे में खेले गए चौथे टी20आई मैच के दौरान हासिल की। पहले तीन मैचों में 1, 12 और 9 रन के खराब स्कोर के बाद पॉवेल ने 22 गेंदों में दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 28 रन बनाकर अपनी बल्लेबाजी क्षमता की झलक दिखाई। अब तक 99 टी20आई मैचों में उन्होंने 87 पारियों में 25.66 की औसत और 141 से ज़्यादा के स्ट्राइक रेट से 1,925 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और नौ अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 107 है। गेल ने अपने शानदार टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर में जिसमें उन्होंने दो टी20 विश्व कप जीते, 79 मैचों की 75 पारियों में 27.92 की औसत और 137.50 के स्ट्राइक रेट से 1,899 रन बनाए। उन्होंने दो शतक और 14 अर्धशतक लगाए, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 117 रहा। अब संन्यास ले चुके निकोलस पूरन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में वेस्टइंडीज के लिए शीर्ष पर हैं जिन्होंने 106 मैचों की 97 पारियों में 26.14 की औसत और 136 से अधिक के स्ट्राइक रेट और 13 अर्धशतकों के साथ 2,275 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 98 है।

# पोटिंग, कैलिस और द्रविड जैसे दिग्गजों के साथ नाम देखकर लगता है अच्छा : रूट

**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने कहा है कि दिग्गज क्रिकेटरों रिकी पोंटिंग, कुमार संगकारा और ब्रायन लारा के साथ अपना नाम देखकर उन्हें हैरानी होती है। रुट मैनचेस्टर टेस्ट के तीसरे दिन 150 रन बनाकर टेस्ट में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में 13,409 रन बनाकर दूसरे नंबर पर पहुंच गये हैं। उन्होंने इस दौरान राहुल द्रविड़, जैक कैलिस और रिकी पोटिंग को पीछे छोड़ दिया है। रूट से आगे अब केवल सचिन तेंदुलकर 15,921 रन ही हैं। दूसरे नंबर पर पहुंचने के बाद रूट ने कहा, मैं बचपन से पोंटिंग, संगकारा और लारा जैसा बनना चाहता था। ऐसे में अब इन दिग्गजों के साथ अपना नाम देख निश्चित ही अच्छा लग रहा है। यह मेरे लिए थोड़ा हैरान करने वाला भी है। मैंने अपनी उपलब्धियों के बारे में ज्यादा नहीं सोचा। मेरा ध्यान इंग्लैंड को मैच जिताने पर रहा है।

अब देखना है कि क्या रूट सचिन के सबसे अधिक टेस्ट रनों का रिकॉर्ड तोड़ पाएंगे? इसके लिए उन्हें करीब तीन हजार रन चाहिये। इस पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन ने कहा, रूट का औसत लगभग 85 रन प्रति टेस्ट मैच है, इसलिए उन्हें सचिन तक पहुंचने के लिए करीब 30 टेस्ट मैच खेलने होंगे। अभी वह 34 साल के हैं और उनके पास तीन से चार साल का समय है। वह काफी अच्छे फॉर्म में हैं और खेल के प्रति उनके प्यार और इच्छा में कोई कमी नहीं आई है। वहीं अगर वह फिट बने रहते हैं तो सचिन का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं।

रुट ने अब तक 157 टेस्ट मैचों की 286 पारियों में 38 शतक और 66 अर्धशतक लगाते हुए 13,409 रन बनाए हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर 262 रन है। उनके नाम छह दोहरे शतक भी हैं। रूट से आगे केवल सचिन तेंदुलकर हैं। 200 टेस्ट मैचों की 329 पारियों में 51 शतक और 68 अर्धशतक लगाते हुए सचिन ने 15,921 रन बनाए हैं।

# भारतीय हॉकी के 100 साल: हॉकी इंडिया ने अनुदानों की घोषणा की, सात नवंबर को महोत्सव




**महाबलीपुरम (एजेंसी)।** हॉकी इंडिया ने यहां अपनी 15वीं कांग्रेस के दौरान राष्ट्रीय और जमीनी स्तर के टूर्नामेंट के समर्थन के लिए अपने वित्तीय अनुदान में पर्याप्त वृद्धि की घोषणा की है। अब से सीनियर पुरुष और सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए 70-70 लाख रुपये, जूनियर पुरुष, जूनियर महिला, सब जूनियर पुरुष और सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन के लिए 30-30 लाख रुपए आवंटित किए जाएंगे।

इसके अलावा जिला और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन के समर्थन के लिए प्रत्येक राज्य को 25 लाख रुपए दिए जाएंगे। हॉकी इंडिया ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इन बढ़े हुए अनुदानों का उद्देश्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, आयोजन की गुणवत्ता में सुधार करना और स्थानीय स्तर पर वित्तीय बाधाओं को कम करके व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस सहयोग से हजारों उभरते खिलाड़ियों, कोचों और जमीनी स्तर के अधिकारियों को लाभ होने की उम्मीद है जो भारतीय हॉकी के भविष्य की रीढ़ हैं।

भारतीय हॉकी के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में इस कांग्रेस में कई ऐतिहासिक घोषणाएं हुईं जिनमें 7 नवंबर को एक राष्ट्रव्यापी उत्सव का आयोजन भी शामिल है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में हॉकी इंडिया एक राष्ट्रव्यापी उत्सव का आयोजन करेगा जिसमें एक साथ 1,000 मैच होंगे (देश के प्रत्येक जिले में एक पुरुष और एक महिला मैच) जिसमें 36,000 से ज्यादा खिलाड़ी (18,000 पुरुष और 18,000 महिलाएं) भाग लेंगे। यह पहल देश के कोने-कोने से खिलाड़ियों को एक साथ लाएगी।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, 'भारतीय हॉकी के 100 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए हम न केवल अपनी स्वर्णिम विरासत का सम्मान करते हैं बल्कि भविष्य के लिए एक मजबूत नींव भी रखते हैं। यह राष्ट्रव्यापी उत्सव भारतीय हॉकी को आगे बढ़ाने वाले हर खिलाड़ी, कोच और प्रशंसक के लिए सम्मान है।' उन्होंने कहा, 'हम जिस वित्तीय सहायता की घोषणा कर रहे हैं, वह अगली पीढ़ी के सपनों में निवेश है जिससे सुनिश्चित करते हैं कि संसाधनों की कमी के कारण कोई भी प्रतिभा पीछे नहीं छूटे।'

# 'दोहरे मापदंड नहीं होने चाहिए, कभी हां, कभी ना' : एशिया कप में भारत-पाक मैच पर बोले कनेरिया

नई दिल्ली ।पूर्व पाकिस्तानी स्पिनर दानिश कनेरिया ने लंबे समय से विवादों और बहसों में घिरे एशिया कप के कार्यक्रम पर अपनी राय साझा करते हुए कहा कि भारत-पाकिस्तान मुकाबला संभवत: एशियाई क्रिकेट परिषद (ष्टष्ट) द्वारा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) से मंजूरी मिलने के बाद हुआ है। एसीसी द्वारा शनिवार को घोषित विस्तृत कार्यक्रम के अनुसार भारत और पाकिस्तान 14 सितंबर को एशिया कप के ग्रुप चरण के मुकाबले में आमने-सामने होंगे। यह घोषणा भारतीय चैंपियंस टीम से जुड़े एक बेहद संवेदनशील प्रकरण के कुछ ही दिनों बाद आई है, जिसने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में पाकिस्तान चैंपियंस के खिलाफ निर्धारित मुकाबले से अपना नाम वापस ले लिया था। कनेरिया ने कहा, '(दोनों देशों के बीच) क्रिकेट होना चाहिए... लोग इस बारे में इसलिए बात कर रहे हैं क्योंकि हाल ही में एक घटना हुई थी जहां वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ़ लीजेंड्स में भारत-पाकिस्तान का मैच होना था, लेकिन पूर्व भारतीय क्रिकेटरों ने मैच का बहिष्कार कर दिया। इस कदम से संकेत मिला कि शायद भारत भविष्य में एशिया कप या आईसीसी टूर्नामेंट जैसे आयोजनों में भी पाकिस्तान के साथ नहीं खेलेगा। इस बहिष्कार ने सुर्खियां बटोरीं और इसके बाद कई बयान आए, जिससे यह धारणा बनी कि भारत पाकिस्तान के खिलाफ मैचों में हिस्सा नहीं लेगा।'



चीन में विश्व आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस कांफ्रेंस में एक इंसान की तरह लगने वाले रॉबोट से बात करते हुए लोग।

# अमेरिकी बाजार से अपने उत्पाद वापस मंगा रही हैं भारतीय दवा कंप नियां

## सन फार्मा, ल्यूपिन और डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज की दवाओं में पाई गई विनिर्माण संबंधी खामियां

**नई दिल्ली ।**

अमेरिका के दवा नियामक यूएसएफडीए की रिपोर्ट के अनुसार भारत की प्रमुख दवा कंपनियों सन फार्मा, ल्यूपिन और डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज को विनिर्माण संबंधी खामियों और उत्पाद मिश्रण के कारण अमेरिका से अपनी दवाएं वापस मंगानी पड़ी हैं। सन फार्मा ने लिसडेक्साफेटामाइन डाइमीसाइलेट (60 मिलीग्राम) कैप्सूल की 5,448 बोतलों को वापस मंगाया है। यह दवा कंपनी की प्रिंसटन (अमेरिका) इकाई से जुड़ी है, और वापसी की प्रक्रिया 16 जून 2025 से शुरू की गई थी। वहीं ल्यूपिन ने उच्च रक्तचाप के इलाज में उपयोग की जाने वाली लिसिनोप्रिल और हाइड्रोक्लोरोथीयाजाइड (20/12.5एमजी) टैबलेट की 58,968 बोतलों को वापस बुलाया है। यह दवा नागपुर स्थित संयंत्र में बनाई गई थी। वापसी का कारण एक विदेशी टैबलेट का बोतल में पाया जाना था, जिसकी पहचान अटेजेनाविर और रिटोनेविर (300/100एमजी) के रूप में हुई, जो एचआईवी के इलाज में प्रयोग होती है। इसके अतिरिक्त, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज ने पेट की बीमारियों में उपयोगी ओमेप्राजोल डिलायड रीलिज कैप्सूल की 1,476 बोतलों को वापस मंगाया है। यह दवा तेलंगाना के बाचुपल्ली संयंत्र में बनी थी और इसकी वापसी 30 जून 2025 से



शुरू की गई। ये घटनाएं भारतीय दवा कंपनियों के लिए वैश्विक स्तर पर गुणवत्ता नियंत्रण की गंभीर चुनौती को रेखांकित करती हैं, और नियामक मानकों के प्रति सतर्कता बनाए रखने की आवश्यकता को दर्शाती हैं।

# कोल्हापुरी चप्पल की वैश्विक पहचान को मिला क्यूआर कोड



## नकली उत्पाद की बिक्री पर लगेगी रोक

**कोल्हापुर ।** भारत की पारंपरिक हस्तकला का गौरव, कोल्हापुरी चप्पल, अब तकनीक और कानूनी सुरक्षा के नए युग में प्रवेश कर चुकी है। महाराष्ट्र के चमड़ा उद्योग विकास निगम (लिडकॉम) ने इस प्रसिद्ध हस्तनिर्मित चप्पल के लिए क्यूआर कोड आधारित प्रमाणीकरण शुरू किया है, जिससे इसकी प्रामाणिकता और कारीगर की पहचान को ट्रैक किया जा सकेगा। यह पहल नकली चप्पलों की बिक्री पर रोक लगाने, उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ाने और पारंपरिक कारीगरों को उचित पहचान दिलाने के उद्देश्य से की गई है। क्यूआर कोड स्कैन कर ग्राहक यह जान सकेंगे कि उत्पाद कहां बना, किसने बनाया, कौन-सी शिल्प तकनीक और कच्चा माल उपयोग हुआ, और यह जीआई प्रमाणित है या नहीं। इस बीच इटली के मशहूर फैशन ब्रांड प्रादा विवादों में घिर गया है। हाल ही में उनके 2026 फैशन शो में प्रदर्शित पुरुषों की एक सैंडल डिजाइन को कोल्हापुरी चप्पल से मिलता-जुलता पाया गया, जिसे लेकर भारतीय कारीगरों ने जीआई अधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाया। प्रादा ने माना कि यह डिजाइन भारतीय हस्तशिल्प से प्रेरित है, लेकिन इसका व्यावसायिक उत्पादन शुरू नहीं हुआ है। ब्रांड की एक विशेषज्ञ टीम ने कोल्हापुर का दौरा कर स्थानीय निर्माण प्रक्रिया को भी देखा। 12वीं शताब्दी से कोल्हापुर, सांगली और सोलापुर जिलों में तैयार होने वाली कोल्हापुरी चप्पल, छत्रपति शाहू महाराज के समर्थन से आत्मनिर्भरता और स्वदेशी गौरव का प्रतीक बन गई थी। आज क्यूआर कोड जैसी पहल इस धरोहर को आधुनिक पहचान देने का काम कर रही है।

# सेंसेक्स की प्रमुख छह कंप नियों का बाजार पूंजीकरण 2.22 लाख करोड़ घटा

## - रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन घटकर 18,83,855 करोड़ हो गया

**नई दिल्ली ।**



पिछले सप्ताह शेयर बाजार में कमजोरी के रुख का असर देश की सबसे बड़ी कंपनियों पर भी देखने को मिला। सेंसेक्स की टॉप 10 में शामिल छह कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में कुल मिलाकर 2.22 लाख करोड़ की गिरावट दर्ज की गई। सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को झेलना पड़ा। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स में 294.64 अंकों की गिरावट आई। इस दौरान जिन कंपनियों के मार्केट कैप में गिरावट आई, उनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी शामिल हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 1,14,687.7 करोड़ की गिरावट के साथ घटकर 18,83,855.52 करोड़ रह गया। वहीं इन्फोसिस का मार्केट कैप 29,474.56 करोड़ घटकर 6,29,621.56 करोड़ हो गया। टीसीएस को 20,080.39 करोड़ का नुकसान हुआ और उसका मूल्यांकन 11,34,035.26 करोड़ पर आ गया। एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर को क्रमशः 23,086.24 करोड़, 17,524.3 करोड़ और 17,339.98 करोड़ का घाटा हुआ। दूसरी ओर चार कंपनियाँ ऐसी रहीं जिनका बाजार पूंजीकरण बढ़ा। इनमें एचडीएफसी बैंक सबसे आगे रहा, जिसके मार्केट कैप में 37,161.53 करोड़ की बढ़ोतरी हुई और उसका मूल्यांकन 15,38,078.95 करोड़ तक पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 35,814.41 करोड़ बढ़कर 10,53,823.14 करोड़ हो गया। भारती एयरटेल और भारतीय स्टेट बैंक को क्रमशः 20,841.2 करोड़ और 9,685.34 करोड़ का लाभ हुआ। गिरावट के बावजूद रिलायंस इंडस्ट्रीज भारत की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

# भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार में 6.5 फीसदी से अधिक वृद्धि का अनुमान

## - वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत की स्थिति बेहतर

**नई दिल्ली ।**

भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत गति से आगे बढ़ रही है और 2025-26 में इसके 6.5 प्रतिशत या उससे अधिक की वृद्धि दर प्राप्त करने में कोई बड़ी चुनौती नहीं होगी। यह बात भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य नागेश कुमार ने रविवार को एक साक्षात्कार में कही। उन्होंने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत की स्थिति बेहतर है। जबकि एक-तिहाई से अधिक देशों को ऋण संकट और धीमी आर्थिक गतिविधियों का सामना करना पड़ रहा है, भारत की वृद्धि घरेलू खपत और निवेश पर आधारित होने के कारण स्थिर बनी हुई है। कुमार ने उम्मीद जताई कि न केवल चालू वित्त वर्ष बल्कि अगले कुछ वर्षों में भी भारतीय अर्थव्यवस्था 6.5 से 7.5 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ सकती है। पिछले वित्त वर्ष में भी जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। मुद्रास्फीति के बारे में उन्होंने कहा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति जून में घटकर 2.1 प्रतिशत पर आ गई है, जो आरबीआई की सख्त मौद्रिक नीति का नतीजा है। हालांकि, आगे ब्याज दरों में कटौती मुद्रास्फीति और अन्य आर्थिक संकेतकों पर निर्भर करेगी। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में वृद्धि हुई है। 2024-25 में यह 81 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। हालांकि, शुद्ध एफडीआई प्रवाह थोड़ा कम रहा क्योंकि भारत से बाहर भी निवेश बढ़ा है।

# इस हफ्ते 100 से अधिक कंपनियां देंगी डिविडेंड

**नई दिल्ली ।** अगर आप शेयर बाजार में निवेश करते हैं और डिविडेंड इनकम को पसंद करते हैं, तो आपके लिए यह हफ्ता बेहद खास रहने वाला है। 28 जुलाई से 1 अगस्त के बीच 100 से ज्यादा कंपनियां अपने निवेशकों को डिविडेंड देने जा रही हैं। डिविडेंड की राशि 0.07 से लेकर 512 प्रति शेयर तक हो सकती है, जो कंपनियों की वित्तीय स्थिति और लाभांश नीति पर आधारित है। इस लिस्ट में बड़ी और मिड-कैप कंपनियां शामिल हैं, जिनमें विप्रो, बोस्क, मारुति सुजुकी, आरईसी, क्रिसिल, डीएलएफ, हाकिंग्स कुकर्स, पीएनबी हाउसिंग और अपार इंडस्ट्रीज जैसी जानी-मानी कंपनियां शामिल हैं। खास बात यह है कि बोस्क 512, मारुति सुजुकी ने 135 और आयसर मोटर्स ने 70 प्रति शेयर का फाइनल डिविडेंड घोषित किया है। इसके अलावा विप्रो, एसआरएफ, केपीआईटी टेक्नोलाजी और श्याम मेटलिक्स जैसी कंपनियां अंतरिम डिविडेंड भी देने जा रही हैं। निवेशकों को यह ध्यान रखना होगा कि डिविडेंड पाने के लिए एक्स-डिविडेंड डेट से पहले शेयर खरीदना जरूरी है। एक्स-डिविडेंड डेट के बाद खरीदे गए शेयर पर डिविडेंड का लाभ नहीं मिलेगा।




# एनएलसी इंडिया विदेशों से दुर्लभ खनिज खरीदने की तैयारी में

**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की नवरत्न कंपनी एनएलसी इंडिया लिमिटेड विदेशों से दुर्लभ खनिज की आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में सक्रिय हो गई है। कंपनी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि भारत सरकार के खान और कोयला मंत्रालय के निर्देश पर कंपनी ने अफ्रीकी देशों में निवेश की संभावनाएं तलाशनी शुरू कर दी हैं। एनएलसी ने माली में लिथियम खदानों और कांगो गणराज्य में तांबा और कोबाल्ट खनिज के लिए शुरुआती स्तर की बातचीत की है। उन्होंने बताया कि इन देशों में खनन से जुड़ी परियोजनाओं को लेकर इस महीने एक गैर-प्रकटीकरण समझौता होने की उम्मीद है। समझौते के बाद विस्तृत अध्ययन और आगे की रणनीति तय की जाएगी।

# छोटी कंपनियों को राहतः सेबी ने ईएसएम निगरानी नियमों में किए बदलाव

**नई दिल्ली ।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) और स्टॉक एक्सचेंजों ने 1,000 करोड़ रुपये से कम मार्केट कैप वाली कंपनियों के लिए इनहेंस्ड सर्वेलेंस मैकेनिज्म (ईएसएम) निगरानी ढांचे में अहम बदलाव किए हैं। यह संशोधित ढांचा 28 जुलाई 2025 से प्रभावी होगा, जिससे 28 कंपनियों को निगरानी सूची से बाहर निकलने का मौका मिल सकता है। हाल ही में हुई एक संयुक्त बैठक में सेबी और एक्सचेंजों ने यह निर्णय लिया। नए नियमों के तहत अब ईएसएम स्टेज 1 में किसी कंपनी को शामिल करने के लिए केवल पारंपरिक मानदंडों पर ही नहीं, बल्कि पिछले तीन महीनों में शेयर की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी को भी आधार बनाया जाएगा। इसका उद्देश्य यह जांचना है कि क्या किसी शेयर में असामान्य रूप से निवेशकों की रुचि बढ़ रही है। इसके अलावा, स्टेज 1 से स्टेज 2 में स्थानांतरण के लिए अब प्राइस टू अर्निंग्स (पीई) रेशियो को भी जोड़ा गया है। अगर किसी कंपनी का पीई रेशियो निफ्टी 500 इंडेक्स के औसत से दोगुना या अधिक है, तो उसे स्टेज 2 में ले जाया जा सकता है।



# कंपनियों के तिमाही नतीजों, फेडरल रिजर्व के ब्याज दर से तय होगी बाजार की दिशा

## - वैश्विक बाजार के रुझान भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे

**नई दिल्ली ।**

स्थानीय शेयर बाजार में इस सप्ताह भारी उतार-चढ़ाव की संभावना है। विशेषज्ञों के अनुसार, बाजार की दिशा कई अहम कारकों पर निर्भर करेगी, जिनमें प्रमुख कंपनियों के पहली तिमाही के नतीजे, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर निर्णय और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियां शामिल हैं। इसके अलावा औद्योगिक उत्पादन, विनिर्माण पीएमआई, मासिक वाहन बिक्री के आंकड़े और वैश्विक बाजार के रुझान भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। विशेष रूप से अमेरिकी प्रशासन द्वारा भारत सहित कई देशों पर लगाए गए जवाबी शुल्क पर एक अगस्त को लगी रोक समाप्त हो रही है, जो बाजार की नज़र इस पर भी रहेगी। इसके साथ ही थाइलैंड और कंबोडिया के बीच भू-राजनीतिक तनाव भी निवेशकों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। बाजार के जानकारों ने बताया कि जुलाई महीने के डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान के कारण बाजार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह इंडसइंड बैंक, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, टाटा स्टील, हिंदुस्तान यूनिलीवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी, सन फार्मा और आईटीसी जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजे सामने आएंगे, जो बाजार की मजबूती और कंपनियों के प्रदर्शन का संकेत देंगे। एक बाजार के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक ने कहा कि इन नतीजों से यह स्पष्ट होगा कि बाजार को भविष्य में समर्थन मिलेगा या नहीं। उन्होंने बताया कि निवेशक विदेशी कोषों के प्रवाह और भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता पर भी ध्यान देंगे। पिछले सप्ताह सेंसेक्स में 294 अंक और निफ्टी में 131 अंक की गिरावट आई है। एक कंपनी के शोध प्रमुख ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की अनिश्चितता, मिले-जुले तिमाही नतीजे और बढ़ती एफआईआई निकासी के कारण बाजार कमजोर रहेगा। इस प्रकार इस सप्ताह निवेशकों के लिए सतर्कता और सूझ-बूझ के साथ बाजार की गतिविधियों को समझना बेहद जरूरी है।




# फेड बैठक से पहले ट्रंप ने पॉवेल पर बढ़ाया दबाव, ब्याज दरों पर रहेगी सबकी नजर

## - फेड की बैठक के साथ-साथ अमेरिका सरकार भी तीन बड़े आर्थिक आंकड़े जारी करेगी

**वाशिंगटन ।** अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल और उनके सहयोगी मंगलवार से दो दिवसीय बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक में ब्याज दरों को लेकर फैसला लिया जाएगा। यह बैठक ऐसे वक्त हो रही है जब अमेरिका पर राजनीतिक दबाव बढ़ रहा है, व्यापार नीतियों में बदलाव हो रहे हैं और आर्थिक संकेतों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। इस हफ्ते खास बात यह है कि फेड की बैठक के साथ-साथ अमेरिका सरकार भी तीन बड़े आर्थिक आंकड़े जारी करेगी, जीडीपी, रोजगार और महंगाई से जुड़ा आंकड़ा, जिसे फेड खास तौर पर देखता है। ज्यादातर जानकारों को उम्मीद है कि फेड इस बार भी ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करेगा और उन्हें स्थिर रखेगा। अनुमान जताया जा रहा है कि अप्रैल-जून तिमाही में अमेरिका की आर्थिक गतिविधियों में बढ़त देखने को मिल सकती है, जिसकी मुख्य वजह व्यापार घाटे में तेज गिरावट हो सकती है। हालांकि, जुलाई महीने में रोजगार की रफ्तार थोड़ी धीमी पड़ सकती है। वहीं, जून महीने की महंगाई दर में मामूली तेजी आने के संकेत हैं। अमेरिका की जीडीपी की सरकारी अनुमान रिपोर्ट में इस तिमाही के लिए सालाना आधार पर 2.4 फीसदी की वृद्धि दिखने की संभावना है, जबकि जनवरी-मार्च तिमाही में अर्थव्यवस्था में 0.5 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई थी। हालांकि, बुधवार को जारी होने वाली रिपोर्ट से साफ हो सकता है कि घरेलू मांग और कारोबारी निवेश में अभी भी ज्यादा तेजी नहीं आई है। एक सर्वे में विश्लेषकों का अनुमान है कि इस तिमाही में उपभोक्ता खर्च केवल 1.5 फीसदी बढ़ेगा, जो कोविड-19 महामारी की शुरुआत के बाद से लगातार दो तिमाहियों में सबसे कमजोर प्रदर्शन हो सकता है। साथ ही कमजोर हाउसिंग मार्केट का असर भी दूसरी तिमाही की आर्थिक गतिविधियों पर पड़ा है। हफ्ते के अंत में आने वाली जुलाई की जॉब रिपोर्ट से संकेत मिल सकता है कि कंपनियां अब नई भर्तियों को लेकर अधिक सावधानी बरत रही हैं।

# बीते सप्ताह घरेलू तेल-तिलहन बाजार में हल्की बढ़त रही

## - मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर रहे, सरकार से नीतिगत सुधार की मांग

**नई दिल्ली ।**

त्योहारों के मौसम के करीब आने से घरेलू तेल-तिलहन बाजार में पिछले सप्ताह सरसों, सोयाबीन, कच्चा पामतेल (सीपीओ), पामोलीन और बिनौला तेल के दामों में मामूली सुधार देखा गया। वहीं मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर रहे, जो न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से करीब 16-17 प्रतिशत नीचे थोक भाव पर कारोबार कर रहे हैं। इस वजह से मूंगफली तेल का व्यापार अपेक्षाकृत धीमा रहा। विदेशी बाजारों में खाद्य तेलों के दामों में सुधार और रुपये के कमजोर होने से भी घरेलू बाजार पर प्रभाव पड़ा है। आयातक आर्थिक कठिनाइयों के कारण सोयाबीन डीगम तेल को लागत से भी कम दाम पर बेचने को मजबूर हैं। इससे तेल उद्योग की स्थिति कमजोर हुई है। आने वाली खरीफ फसल के बीच सरकार से इस स्थिति को लेकर गंभीर नीतिगत कदम उठाने की मांग की गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि पहले के कम एमएसपी वाले सोयाबीन और मूंगफली तेल की बिक्री में दिक्कत हो रही है, तो अधिक एमएसपी वाले आने वाले खरीफ फसल के तेलों का बाजार बनाना चुनौतीपूर्ण होगा। इसीलिए देशी तेल-तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देना जरूरी है। साथ ही सरसों तेल के ऊंचे खुदरा दामों को नियंत्रित करने के लिए राशन दुकानों के माध्यम से वितरण पर भी विचार होना चाहिए। सरकार को सोयाबीन, मूंगफली और सूरजमुखी जैसे अन्य तेलों के खुदरा और थोक दामों की पारदर्शिता के लिए एक सरकारी वेब पोर्टल बनाने का सुझाव दिया गया है। इसके अलावा, कपास उत्पादन बढ़ाने और मिलावटी बिनौला खल के कारोबार पर रोक लगाने की भी सिफारिश की गई है, क्योंकि इससे किसानों को नुकसान हो रहा है। पिछले सप्ताह सरसों दाने के थोक भाव में 25 रुपये



की बढ़त के साथ 7,375-7,425 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। सोयाबीन के दामों में भी 150 रुपये तक सुधार दर्ज किया गया। सीपीओ, पामोलीन और बिनौला तेल के भावों में भी हल्की बढ़त रही। कुल मिलाकर घरेलू तेल-तिलहन बाजार में सुधार के बीच सरकार को इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और स्थिरता के लिए प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है।


# कोटक महिंद्रा बैंक का पहली तिमाही में मुनाफा घटा

**नई दिल्ली ।**

कोटक महिंद्रा बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 40 फीसदी की गिरावट के साथ 4,472.18 करोड़ का समेकित शुद्ध मुनाफा दर्ज किया। पिछले साल इसी अवधि में बैंक ने 7,448.16 करोड़ का मुनाफा कमाया था। इस गिरावट का प्रमुख कारण पिछले साल कोटक जनरल इंश्योरेंस (केजीआई) में हिस्सेदारी बेचने से प्राप्त 3,013 करोड़ का एकमुश्त लाभ था, जो इस तिमाही में नहीं मिला। हालांकि, यदि केजीआई सौदे को अलग कर देखें, तो बैंक का समेकित मुनाफा मामूली रूप से 1 फीसदी बढ़कर 4,472 करोड़ रहा, जो पिछले साल 4,435 करोड़ था। बैंक के स्टैंडअलोन नतीजों में भी कमजोरी दिखी। केजीआई सौदे को हटाकर देखा जाए तो शुद्ध मुनाफा 6.8 फीसदी घटकर 3,282 करोड़ रहा। शुद्ध ब्याज आय 6 फीसदी बढ़कर 7,259 करोड़ रही, लेकिन शुद्ध ब्याज मार्जिन घटकर 4.65 फीसदी हो गया, जो पिछले साल 5.02 फीसदी था। एनपीए और प्रावधानों में तेज़ बढ़ोतरी चिंता का कारण है। इस तिमाही में नए स्लिपेज 1,812 करोड़ रहे, जो साल-दर-साल 33 फीसदी ज्यादा हैं। प्रावधान 100 फीसदी से अधिक बढ़कर 1,208 करोड़ हो गए। बैंक का सकल एनपीए 1.48 फीसदी और शुद्ध एनपीए 0.34 फीसदी रहा।

# एनएसडीएल का आईपीओ 30 जुलाई से खुलेगा

**मुंबई।** नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) ने अपने 4,011 करोड़ के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 760 से 800 प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। यह आईपीओ 30 जुलाई से 1 अगस्त 2025 तक खुला रहेगा, जबकि एंकर निवेशक 29 जुलाई को ही बोली लगा सकेंगे। आईपीओ पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल पर आधारित है, जिसमें 5.01 करोड़ शेयरों की बिक्री की जाएगी। इससे कंपनी को कोई नया पूंजी निवेश नहीं मिलेगा। शेयर बेचने वालों में एनएसई, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, आईडीबीआई बैंक, यूनियन बैंक शामिल हैं। इस निर्गम के प्रमुख प्रबंधकों में आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, एक्सिस कैपिटल, एचएसबीसी और एसबीआई कैपिटल मार्केट्स शामिल हैं। उदाहरण के लिए, एनएसडीएल में शुरुआती निवेशकों को काफी लाभ हो सकता है, जबकि बाद के निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। एनएसडीएल में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले आईडीबीआई बैंक ने औसतन 2 रुपए प्रति शेयर की लागत पर अपनी हिस्सेदारी हासिल की थी, जो 39,000 प्रतिशत से अधिक के आश्चर्यजनक रिटर्न में तब्दील हो गई; इसकी हिस्सेदारी का मूल्य अब 4,176 करोड़ रुपए है, जो शुरुआती निवेश 10.44 करोड़ रुपए से अधिक है।



# अक्षय कुमार को किस बात का सताया खौफ, बोले- डरा हुआ हूं

बॉलीवुड की दो बिंदास अदाकाराएं– ट्विंकल खन्ना और काजोल अब पर्दे पर नहीं, बल्कि ओटीटी की दुनिया में एक साथ आ रही हैं। हालांकि इस बार न तो वो किसी फिल्म में अभिनय कर रही हैं और न ही किसी सीरीज में साथ नजर आएंगी, बल्कि दर्शकों को एक नए और अनोखे टॉक शो से दोनों मिलकर एंटरटेन करते हुए नजर आएंगी। बस इसी बात से खिलाड़ी कुमार को डर लगा रहा है। क्या है पूरा मामला, चलिए आपको बताते हैं। एक साथ आ रहीं काजोल और ट्विंकल अक्षय कुमार की पत्नी ट्विंकल खन्ना और अजय देवगन की पत्नी काजोल दोनों ही एक समय बॉलीवुड की चर्चित हीरोइनों में रही हैं। हालांकि अब ये दोनों अभिनेत्रियां टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' के जरिए होस्ट की भूमिका में दिखने के लिए तैयार हैं। प्राइम वीडियो ने दोनों के पोस्टर को रिलीज भी कर दिया है। अब इनके पोस्टर पर अक्षय कुमार का भी रिएक्शन आ गया है।

## अक्षय कुमार का रिएक्शन

खिलाड़ी कुमार ने काजोल और ट्विंकल खन्ना के इस पोस्टर को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए अपने डर का जिक्र किया है। अब ये तो हर कोई जानता है कि काजोल और ट्विंकल खन्ना दोनों अपनी–अपनी बात बड़ी ही बेबाकी से रखती हैं, ऐसे में टॉक शो में भी काफी कुछ धमाकेदार होने की उम्मीद है। बस इसी बात को सोचकर अक्षय ने लिखा है– दोनों को साथ देखकर ही डर लग रहा है, शो में क्या होगा सोच नहीं सकता।

## प्राइम वीडियो पर होगा स्ट्रीम

इस शो का निर्माण बनिजेय एशिया द्वारा किया जा रहा है, जो पहले भी कई मशहूर शो और रियलिटी फॉर्मेट्स ला चुका है। इसे जल्द ही प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम किया जाएगा। इस शो की एक और खासियत है इसकी गेस्ट लिस्ट, जिसमें बॉलीवुड के बड़े नाम शामिल होंगे। हर एपिसोड में कोई न कोई चर्चित चेहरा शो का हिस्सा बनेगा और दर्शकों को मिलेगा एक बेहद मनोरंजक और बिंदास बातचीत का अनुभव।




# रणवीर सिंह की अगली फिल्म में दिखेंगी साउथ एक्ट्रेस श्रीलीला





रणवीर सिंह के खाते में अभी कई फिल्में हैं। स्त्रु र एक मेगा प्रोजेक्ट बॉबी देओल के साथ भी है। इस फिल्म में एक साउथ की हसीना की एंट्री हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक... श्रीलीला, रणवीर और बॉबी के साथ एक बड़े प्रोजेक्ट से जुड़ चुकी हैं। खास बात ये है है कि तीनों ही एक्टर्स अपने किरदारों के लिए खुद को पूरी तरह से ढलने में जुटे हैं। इस फिल्म की डिमांड ही ऐसी है कि इसमें उनसे वो जोश और बदलाव देखने को मिलेगा, जो अब तक कभी नहीं देखा गया। हालांकि, फिल्म का टाइटल अभी तक रिवील नहीं किया गया है और ना ही यह बताया गया है कि इसका निर्देशन कौन कर रहा है। बता दें कि श्रीलीला जल्द ही साउथ फिल्मों से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। वह अपनी पहली हिंदी फिल्म कार्तिक आर्यन के साथ कर रही हैं जिसका टाइटल रिवील नहीं हुआ है लेकिन माना जा रहा है कि यह आशिकी 3 है। इस फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु कर रहे हैं। इसके अलावा वह जूनियर पर भी काम कर रही हैं। वहीं रणवीर जल्द ही फिल्म डॉन 3 में भी नजर आएंगे।

फिल्म का टाइटल अभी तक रिवील नहीं किया गया है



# युजवेंद्र चहल के साथ डेटिंग रूमर्स के बीच महवश ने किया पोस्ट

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंस, आरजे और मॉडल महवश का नाम काफी वक्त से क्रिकेटर युजवेंद्र चहल के साथ जोड़ा जा रहा है। दोनों को कई मौकों पर साथ में स्पॉट किया गया है। हाल ही में लंदन में भी दोनों साथ–साथ घूमते दिखे। इसका संकेत इन दोनों के सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए मिला। इनके कथित अफेयर की खबरों के बीच शादी तक के दावे किए जा रहे हैं, जिन पर महवश ने रिएक्ट किया है।

## सोशल मीडिया पर रखा शादी का प्रस्ताव

महवश ने अपनी शादी के दावों वाली खबरों पर काफी मजेदार अंदाज में प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने आज मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने दिलकश फोटोज शेयर की हैं, जिनमें व्हाइट कलर के गाउन में प्रिंसेस लुक में दिख रही हैं। इसके साथ लिखा है, कुछ न्यूज चैनल ने दावा किया कि 31 जून को मेरी शादी है। ये फोटोज उसकी हैं। बस दूल्हा भाग गया। करेगा कोई मुझसे शादी? इसके साथ महवश ने हंसने वाले इमोजी बनाई हैं। यूजर्स ने पूछे दिलचस्प सवाल महवश के पोस्ट पर यूजर्स के दिलचस्प कमेंट्स आ रहे हैं। सिर्फ उनके फैंस ही नहीं, सेलेब्स भी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। फलक नाज ने कमेंट किया है, गॉर्जियस। आरजे करिश्मा ने लिखा है, सुंदरी। एक यूजर ने लिखा, लव मैरिज और



अरेंज मैरिज? एक अन्य यूजर ने लिखा, 31 जून कभी आती है क्या? लव मैरिज करेंगी महवश एक यूजर ने महवश से जब पूछा कि वे लव मैरिज करेंगी या अरेंज? इस पर महवश ने जवाब दिया, लव मैरिज। एक जाना पहचाना नालायक, अंजान नालायक से बेहतर होता है।

## धनश्री वर्मा से तलाक के बाद जुड़ा महवश से नाम

धनश्री वर्मा के साथ तलाक के बाद युजवेंद्र चहल का नाम महवश के साथ जोड़ा जा रहा है। हालांकि, डेटिंग की कथित खबरों पर अब तक चहल और महवश दोनों ने चुप्पी साध रखी है। हालांकि, अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दोनों अप्रत्यक्ष रूप से यह संकेत तो देते रहते हैं कि इनके बीच नजदीकियां हैं।

# कम फिल्में करके भी खुश हैं विद्या?



इन दिनों विद्या बालन को उनके फैंस बड़े पर्दे पर कम और इंस्टाग्राम रील पर ज्यादा देख रहे हैं। रील बनाने के प्रोसेस को भी विद्या बालन एंज्वॉय कर रही हैं। हालिया एक इंटरव्यू में अपने करियर में लिए गए इस ब्रेक के बारे में विद्या ने कई सारी बातें साझा की हैं।

## विद्या बालन ने खुद को आशावादी इंसान बताया

बातचीत में विद्या बालन ने अपने मौजूदा करियर फेज को लेकर बात की है। वह कहती हैं, 'मैं बहुत ही ज्यादा उम्मीद रखने वाली इंसान हूं, मैं काफी आशावादी हूं। मुझमें बहुत कॉन्फिडेंस है। मैंने अपनी पूरी एबिलिटी के साथ काम किया है। लोगों ने मुझे कहा कि खुद पर काम करना चाहिए, मुझे अपना वजन कम करना चाहिए। मैंने लोगों के सजेशन को सुना, इन बातों ने मुझे आगे बढ़ने में मदद की। मुझे अब भी लीड रोल मिल रहे हैं, मैं किसी भी तरह की इनसिक्योरिटी से परेशान नहीं हूं।' अपने अटूट आत्मविश्वास के बल पर ही उन्होंने वर्षों तक एक ऐसे उद्योग में काम किया है जहाँ अक्सर दिखावे को लेकर जुनून सवार रहता है। और अब, वर्षों में पहली बार, विद्या ने कहा कि वह तनाव–मुक्त दौर का आनंद ले रही हैं। अपने जीवन में पहली बार, मैं तनाव का अनुभव नहीं कर रही हूँ। जाने–अनजाने, हम बहुत तनाव से गुज़रते हैं। मैं इस दौर का आनंद ले रही हूँ। मैं पटकथाएँ पढ़ रही हूँ, लोगों से मिल रही हूँ, और मैंने दो फ़िल्में तय कर ली हैं। विद्या ने कहा, दुर्भाग्य से, मैं अभी इस बारे में बात नहीं कर पा रही हूँ। पिछले साल विद्या बालन फिल्म 'भूल भुलैया 3' में नजर आईं। इस साल वह रितेश देशमुख के साथ एक फिल्म 'राजा शिवाजी' कर रही हैं। यह फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराजा पर आधारित है।



# शंकर- द रिवॉल्यूशनरी मैन, मेरे जीवन का टर्निंग पॉइंट

अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर जल्द ही एक नई वेब सीरीज शंकर– द रिवॉल्यूशनरी मैन में दिखेंगी। उन्होंने इस सीरीज को अपने जीवन का टर्निंग पॉइंट बताया है। एक इंटरव्यू में शिल्पा शिरोडकर ने बताया कि इस प्रोजेक्ट ने उन्हें न केवल व्यक्तिगत बल्कि आध्यात्मिक रूप से भी बदल दिया। शिल्पा ने कहा, मैं हमेशा से आध्यात्मिक रही हूं। मुझे नई चीजें सीखना, सुनना और ज्ञान अर्जित करना पसंद है। जब यह सीरीज मेरे पास आई, तो मुझे लगा कि यह मेरे लिए जीवन बदलने वाला पल है। मैंने सोचा कि इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने से मुझे पेशेवर और व्यक्तिगत दोनों रूप से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

सीरीज में शिल्पा, महान संत और दार्शनिक आदि शंकराचार्य की मां आरंभा की भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा, आदि शंकराचार्य की मां का किरदार निभाना मेरे लिए सम्मान की बात है। आदि शंकराचार्य की मां ने उनके जीवन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह किरदार मेरे लिए बेहद मायने रखता है। इस किरदार को जीना मेरे लिए विशेष अनुभव भरा रहा। उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रोजेक्ट में काम करना उनके लिए रोजाना सीखने के अवसर जैसा रहा, इससे उन्हें काफी कुछ नया सीखने को मिला। उन्होंने बताया, राजर्षि भूपेंद्र मोदी जी जैसे प्रेरणादायक व्यक्तित्व के साथ काम करना और स्क्रिप्ट पढ़ने से लेकर सेट पर बातचीत तक, हर दिन कुछ नया सीखने को मिलता है। यह मेरे लिए विकास का शानदार मौका है। शंकर- द रिवॉल्यूशनरी मैन आदि शंकराचार्य के जीवन और शिक्षाओं से प्रेरित अपकमिंग सीरीज है। मोदी स्टूडियोज और राजर्षि भूपेंद्र मोदी ने इस सीरीज का निर्माण किया है। इस सीरीज में शिल्पा शिरोडकर के साथ अभिषेक निगम मुख्य भूमिका में हैं, जबकि राजेश श्रृंगारपुरे, फरनाज शेट्टी, रति पांडे, और मनोज जोशी जैसे कलाकार भी शामिल हैं। शिल्पा शिरोडकर 90 के दशक में गोपी किशन, आंखें, और खुदा गवाह जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। शिल्पा बिग बॉस के 18वें सीजन का भी हिस्सा रहीं।



# एक बाइक का लालच मुझे ग्लैमर की दुनिया में ले आया... पर मैं बिग बॉस कभी ना करूं

छोटे पर्दे पर रोडीज के 20 सीजन कर चुके रणविजय सिंघा एक समय आर्मी में जाना चाहते थे। उनकी पांच पुश्तों ने सेना में रहकर देश की सेवा की है, मगर फिर बाइक का जुनूनी शौक उन्हें ग्लैमर जगत में ले आया। इन दिनों वे चर्चा में हैं छोटे पर्दे के अपने नए रिएलिटी शो छोरियां चली गांव के कारण। उनसे खास बातचीत।

**आपकी पांच पुश्तों ने आर्मी में रह कर देश की सेवा की है और आपने भी खुद सेना में जाने के लिए रिटन एग्जाम दे दिया था, मगर फिर आप ग्लैमर की गलियों में कैसे मुड़ गए?**

मैं तो आर्मी के लिए रिटन एग्जाम भी क्लियर कर चुका था। मैं भोपाल में सर्विसेज सिलेक्शन बोर्ड की तैयारी कर रहा था। मेरे पिता, दादा, चाचा, नाना सभी फौज में थे। तो जब मैंने आर्मी का ये फाइनल एग्जाम क्लियर कर लिया और खुद को साबित कर दिया कि मैं सेना में जाने के योग्य हूं, तो तब मेरे पास वो चॉइस थी कि मैं अपने करियर को अपने हिसाब से आगे बढ़ाऊं। मुझे मोटरसाइकिल चलानी थी, बास्केटबॉल खेलना था और एडवेंचर स्पोर्ट्स का हिस्सा बनना था। उस वक्त मुझे लगा कि अपने ये सारे शौक मैं फौज में पूरे कर सकता हूं। फिर बाइक जीतने का लालच मुझे यहां लाया। रोडीज मेरे लिए टर्निंग पॉइंट साबित हुआ, क्योंकि मुझे लगा कि जो मैं सेना से चाहता था, वो मुझे बाहर भी मिल रहा है। मैंने घर में इस बात को लेकर चर्चा की, काफी गहरा डिस्कशन हुआ और निष्कर्ष ये निकला कि मुझे ग्लैमर के क्षेत्र को एक साल देना होगा, उस बीच कुछ हो गया तो ठीक है वरना फौज तो है ही। फिर क्या था, मैं रोडीज का विनर बनने के बाद मेरी गाड़ी चल पड़ी।

**एक जमाना था जब आप कंटेस्टेंट थे और फिर आप कई शोज के होस्ट और जज बने, तो उस पार से इस पार आने का आपका अनुभव कैसा रहा? के आप बिग बॉस जैसे रिएलिटी शोज का हिस्सा बनना चाहेंगे?**

आप जब कंटेस्टेंट होते हैं, तो आप पर ज्यादा जिम्मेदारी नहीं होती। आपको खुद पर ध्यान देना होता है, मगर जज या होस्ट के रूप में पूरे शो की जिम्मेदारी आपकी होती है। मैं तो रोडीज में एक ही बार प्रतियोगी था और उसके बाद तो मेरा रोल बदल गया। हालांकि मुझे कई ऐसे शोज के ऑफर आए, जहां मुझे कंटेस्टेंट बनना था, मगर मैं उनका हिस्सा नहीं बना। । मुझे लगता है कि कंटेस्टेंट बनने से मेरी होस्ट की पोजीशन डाइल्यूट हो सकती है। मैं ऐसे शोज करना चाहता हूं, जिससे मेरी सेल्फ ग्रोथ हो। जैसे मैंने जंगल सफारी का एक शो किया था, जिसमें मैं 8 जंगलों में घूमने का मौका मिला था। मैंने उस शो से काफी कुछ सीखा था और अब तो वैसे भी मुझे अपने बच्चे पालने हैं।

**काम और परिवार के बीच संतुलन कैसे रखते हैं?**

मैं परिवार को बहुत महत्व देता हूं। मेरी प्राथमिकताएं साफ हैं। मुझे पता है कि मुझे खुशी कहां से मिल सकती है? वो तो परिवार से ही मिलेगी। मेरा काम मेरा पेशा है और अगर मैं किसी खदान में काम कर रहा होता, अब भी मैं अपने परिवार और एडवेंचर को अहमियत दे रहा होता। मैं अपने बच्चों की सही परवरिश करना चाहता हूं। उनके साथ वक्त बिताना चाहता हूं। मेरे बच्चों को मेरे प्रोफेशन के बारे में ज्यादा पता नहीं है। वे इतना जानते हैं कि डैड बाइक चलाने जाते हैं और टीवी पर दिखते हैं। आप हीरो हो या क्रिमिनल आपके बच्चे आपको पिता के रूप में ही देखेंगे। आपके बच्चे आपको बिना किसी एजेंडा के प्यार करते हैं, इसीलिए बच्चों का प्यार इतना क्रेजी होता है। वे आपको आपकी हैसियत से परे निस्वार्थ प्रेम करते हैं। मुझे तो अपना परिवार और बच्चे चाहिए।

**आपसे जुड़ा थप्पड़ कांड रहा हो या रिया चक्रवर्ती वाला विवाद, आपकी बेबाक बयानबाजी का आपको नुकसान उठाना पड़ता है?**

मुझे इस दुनिया में फर्क पड़ता है, अपने परिवार, माता–पिता और बच्चों से। बाकी मैं दूसरों के बारे में ज्यादा नहीं सोचता। मुझे जो सही लगता है, मैं बोलता हूं। अपना स्टैंड रखता हूं। अब सच और गलत का तो कोई जजमेंट नहीं दे सकता, क्योंकि एक का सच दूसरे के लिए गलत हो सकता है। मगर मुझे क्या लगता है, ये बोलने का हक तो मुझे है और मैं वो बोलता हूं।

**रोडीज़ के बीस सीजन करने के बाद आप इस शो को करने के लिए क्यों प्रेरित हुए?**

मुझे इस शो का फॉर्मेट बहुत पसंद आया। असल में ये शो मराठी में हिट रहा है। शहर में आधुनिक सुख–सुविधाओं की आदी लड़कियों को असली गांव के बेसिक माहौल में ले जाया जाए। जहां पर इन लड़कियों को एक–दूसरे से प्रतिस्पर्धा के बजाय खुद सर्वाइव करना है। शहर में तो चाहे ऐसी हो या कैब आपके एक बटन या कॉल पर है, मगर गांव में तो आपको पानी तक के लिए पनघट जाना पड़ जाए। आज जब हम प्रकृति से जुड़े रहने की बात किस्से–किताबों में पढ़ते हैं, तो ये सारी चीजें हमारे शो में हैं। मेरे लिए इन छोरियों अर्थात लड़कियों को उस माहौल में डालना बड़ा दिलचस्प रहा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in